दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'अतीत से सीख लेकर वर्तमान में सही कर्म करना ही भविष्य को उज्ज्वल बनाने का सबसे सशक्त उपाय है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-146 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 20 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## 'अतीत की सीख, वर्तमान का कर्म: जीवन की सच्ची दिशा '

एक वृद्ध किसान अपने पुत्र को खेत में बीज बोते हुए समझा रहा था– 'बेटा, बीज तो पुराने हैं, लेकिन फसल नई होगी। फर्क इस बात से पड़ता है कि तुम इन्हें आज कैसे बोते हो।' यह साधारण-सा संवाद जीवन के गहरे सत्य को उजागर करता है। हमारा अतीत उन बीजों की तरह है, जो बीत चुका है, लेकिन उसका सही उपयोग वर्तमान में ही संभव है। जीवन की सार्थकता इसी संतुलन में छिपी है–अतीत की सीख और वर्तमान के कर्म के बीच संतुलन। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। आज का मनुष्य एक अजीब द्वंद्व में जी रहा है। वह या तो अतीत की स्मृतियों में खोया रहता है–कभी अपनी सफलताओं पर गर्व करता है, तो कभी अपनी असफलताओं पर पछताता है; या फिर भविष्य की चिंताओं में उलझा रहता है–क्या होगा, कैसे होगा, कब होगा? इस बीच वह सबसे महत्वपूर्ण समय–वर्तमान–को अनदेखा कर देता है। जबकि सच्चाई यह है कि जीवन केवल वर्तमान में ही घटित होता है।

अतीत को अक्सर लोग केवल बीता हुआ समय मान लेते हैं, लेकिन वास्तव में यह एक विशाल पाठशाला है। यह हमें अनुभवों के रूप में अमूल्य ज्ञान देता है। हमारी गलतियाँ, हमारी असफलताएँ और हमारी सफलताएँ–ये सभी हमारे जीवन के शिक्षक हैं। यदि हम ध्यान से देखें, तो हर असफलता हमें एक नई दिशा दिखाती है और हर सफलता हमें आत्मविश्वास प्रदान करती है। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है, जब हम अतीत को सीख के बजाय बोझ बना लेते हैं। कुछ लोग अपनी पुरानी गलतियों को लेकर इतना पछताते हैं कि वर्तमान में कोई निर्णय लेने का साहस ही नहीं जुटा पाते। वहीं कुछ लोग अपनी पुरानी सफलताओं में ही इतने खो जाते हैं कि आगे बढ़ने की प्रेरणा खो बैठते हैं। दोनों ही स्थितियाँ जीवन की प्रगति में बाधा बनती हैं।

वास्तव में, अतीत और वर्तमान का संबंध बीज और वृक्ष के समान है। अतीत के अनुभव बीज हैं, जिन्हें वर्तमान की मिट्टी में बोना आवश्यक है। यदि बीज को संजोकर रखा जाए लेकिन बोया न जाए, तो उससे कोई फल प्राप्त नहीं होगा। इसी प्रकार, यदि हम केवल अतीत को याद करते रहें और वर्तमान में कोई ठोस कदम न उठाएँ, तो जीवन में कोई सार्थक परिवर्तन संभव नहीं है। वर्तमान ही वह कार्यशाला है, जहाँ हम अपने अतीत से सीखी गई बातों को अमल में लाते हैं। यह वह क्षण है, जहाँ हमारे निर्णय हमारे भविष्य को आकार देते हैं। यदि हम वर्तमान में सजग और सक्रिय रहेंगे, तो हमारा भविष्य स्वतः ही उज्ज्वल होगा। लेकिन यदि हम वर्तमान को खो देंगे, तो न अतीत हमारे काम आएगा और न ही भविष्य हमें संतोष दे पाएगा।

यह भी सत्य है कि भविष्य की चिंता करना स्वाभाविक है, क्योंकि हर व्यक्ति अपने जीवन को सुरक्षित और सफल देखना चाहता है। लेकिन अत्यधिक चिंता हमें निष्क्रिय बना देती है। हमें यह समझना होगा कि भविष्य का निर्माण वर्तमान के कर्मों से ही होता है। यदि हम आज सही दिशा में प्रयास करेंगे, तो कल अपने आप बेहतर होगा। 'वक्त की कद्र करो, क्योंकि यही जीवन है '–यह कथन केवल प्रेरणादायक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का मूल सिद्धांत है। समय का हर क्षण हमें एक नया अवसर देता है। यह हमारे हाथ में है कि हम उसे अतीत की यादों में गंवाते हैं या भविष्य की चिंताओं में खो देते हैं, या फिर उसे वर्तमान में जीकर अपने जीवन को सार्थक बनाते हैं।

समाज के स्तर पर भी यह सोच अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक ऐसा समाज, जो अपने अतीत से सीख लेता है और वर्तमान में उसे लागू करता है, वही प्रगति करता है। वहीं जो समाज केवल अपने इतिहास पर गर्व करता है लेकिन वर्तमान में कोई प्रयास नहीं करता, वह ठहराव का शिकार हो जाता है।

**अंततः**, जीवन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें हर क्षण का अपना महत्व है। अतीत हमें यह सिखाता है कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, जबकि वर्तमान हमें उस सीख को अमल में लाने का अवसर देता है। जो व्यक्ति अपने अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़कर उसकी सीख को अपने वर्तमान के कर्मों में ढाल लेता है, वही वास्तविक अर्थों में आगे बढ़ता है।

इसलिए आवश्यक है कि हम अतीत से सीखें, लेकिन उसमें खोए नहीं; भविष्य के लिए योजना बनाएं, लेकिन उसकी चिंता में वर्तमान को न खो दें। जीवन की असली सफलता इसी संतुलन में निहित है। क्योंकि जो व्यक्ति वर्तमान को सही ढंग से जीना सीख लेता है, वही अपने अतीत को सार्थक और भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है।

# वायरल लेटर शुभचिंतकों की कारगुजारी मात्र: वसुंधरा राजे

## सांच को आंच नहीं, महिला आरक्षण विरोधी चौथी बार भी विपक्ष में बैठेंगे

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के नाम से सोशल मीडिया पर आए फर्जी लेटर से सियासी चर्चा तेज



हो गई है। कई नेताओं ने इस लेटर को शेयर करते हुए बीजेपी पर सवाल उठाए हैं। वहीं, वसुंधरा राजे ने इस लेटर को फर्जी बताया। राजे ने X पर लिखा- सांच को आंच की जरूरत नहीं है। वायरल पत्र शुभचिंतकों की कारगुजारी मात्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देने के प्रयास का मैं ही नहीं देश की हर महिला स्वागत कर रही है। राजे ने लिखा- ऐसे लोग चाहे जितना भ्रम फैलाएं, बाधाएं उत्पन्न करें, देश की नारी शक्ति न रुकी है, न रुकेगी।

### वसुंधरा राजे के फर्जी लेटर की सियासी चर्चाएं

सोशल मीडिया पर फर्जी लेटर सामने आया था, जिसमें वसुंधरा राजे के हवाले से आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को लिखा गया था। फर्जी लेटर में महिला आरक्षण बिल और परिसीमन पर बीजेपी की लाइन से परे हटकर आलोचना की गई थी।

सोशल मीडिया पर कुछ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस लेटर को असली मानकर बीजेपी पर सवाल उठाए। इस लेटर की टाइमिंग और इसके कंटेंट को लेकर कई तरह की सियासी चर्चाएं हैं। हांलाकि वसुंधरा राजे के आधिकारिक बयान के बाद यह मामला शांत हो गया है।

# विधायक सहारण ने बाल विवाह रोकथाम पोस्टर का विमोचन किया

## चूरू में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**चूरू ।** चूरू में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आवास पर विधायक हरलाल सहारण ने बाल विवाह रोकथाम संबंधी पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत भी की। इस अभियान में बाल अधिकारिता विभाग, बाल विवाह निषेध अधिकारी, पुलिस प्रशासन और आशा यूनिटों ने सहयोग करते हुए बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया।

विधायक हरलाल सहारण ने बताया कि जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाहों की रोकथाम के लिए



राजस्थान महिला कल्याण मंडल संस्था लगातार सक्रिय है। यह संस्था जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर चूरू को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब तक हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई जा चुकी है और अक्षय तृतीया जैसे संवेदनशील अवसरों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से विशेष अभियान चलाए जाते हैं।

# पूर्व संसदीय सचिव एवं विधायक स्व. धर्मपाल चौधरी की 8वीं पुण्यतिथि पर जाट बहरोड़ में उमड़ा जनसैलाब, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** मुंडावर के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव स्वर्गीय धर्मपाल चौधरी की आठवीं पुण्यतिथि रविवार को नीमराना उपखंड के समीप मुंडावर क्षेत्र के गांव जाट बहरोड़ में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और क्षेत्रवासी समाधि स्थल पर पहुंचे और उन्हें पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उनके पुत्र एवं मुंडावर के पूर्व विधायक मंजीत चौधरी ने बताया कि पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का आयोजन प्रस्तावित था, लेकिन गांव में शोक की स्थिति के चलते यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। इसके बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने स्व. धर्मपाल चौधरी की प्रतिमा के समक्ष नमन कर उनके योगदान को याद किया। स्व. धर्मपाल



चौधरी मुंडावर से तीन बार विधायक रहे और क्षेत्र के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनका जन्म 4 जुलाई 1954 को जाट बहरोड़ में हुआ था। वर्ष 1973 में उनका विवाह विमला चौधरी से हुआ। उनके परिवार में दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं। विधायक पद पर रहते हुए 18 अप्रैल 2018 को मेदांता अस्पताल में उनका निधन हो गया था, जबकि उनका अंतिम संस्कार 19 अप्रैल 2018 को किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में उनकी धर्मपत्नी विमला देवी, बड़ा पुत्र अमित चौधरी, पूर्व जिला पार्षद मनीषा चौधरी, भाजपा अलवर उत्तर-पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नीमराना के पूर्व प्रधान बलवान सिंह यादव, जिला पार्षद वेद प्रकाश खबरी, मुंडावर के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ईश्वर यादव, प्रधान प्रतिनिधि महेश गुप्ता, जाट बहरोड़ मंडल अध्यक्ष मनीष यादव, नीमराना के पूर्व मंडल अध्यक्ष जय भारत सोनी, जालावास सरपंच अजीत यादव, राष्ट्रीय बहुजन सामाजिक परिसंघ के प्रदेश महासचिव महावीर प्रसाद चर्खिया, सतीश गुर्जर (काली पहाड़ी), लोकेश भारद्वाज, रमेश प्रधान फौलादपुरिया, जाट बहरोड़ सरपंच सुरेंद्र चौधरी, रमेश तक्षक, जाट बहरोड़ मंडल अध्यक्ष राकेश खंडेलवाल, मुंडवाड़ा कला सरपंच दिलीप यादव, राजू पंच (नीमराना), सुरेश रेवाड़िया, बाबूलाल चर्खिया (मेघवाल समाज ब्लॉक अध्यक्ष, नीमराना), बीबीडी कॉलेज निदेशक सुभाष चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने स्व. धर्मपाल चौधरी के जनसेवा, सरल स्वभाव और क्षेत्रीय विकास में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्चा जननेता बताया।

# नारनौल: रेवाड़ी रोड की नालियां कचरे से जाम, स्थानीय लोग परेशान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

शहर के रेवाड़ी रोड स्थित बस स्टैंड के पास नालियों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। नालियां कचरे से पूरी तरह जाम हैं, जिससे पानी निकासी की व्यवस्था ठप पड़ गई है और आसपास के



लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय पत्रकार यश द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया, जिसमें सामने आया कि नालों में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। आसपास के रेडी संचालक और दुकानदार अपने व्यापार से निकलने वाला कचरा सीधे नालियों में डाल रहे हैं। इसी कारण नालियां जाम हो गई हैं और पानी निकलने की कोई जगह नहीं बची है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब वे इस समस्या को लेकर दुकानदारों या रेडी वालों से बात करते हैं, तो वे उल्टा अभद्र व्यवहार करते हैं और अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। इससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद से इस गंभीर समस्या पर तुरंत संज्ञान लेने की मांग की है, ताकि नालियों की सफाई कराई जा सके और जलभराव जैसी समस्या से राहत मिल सके।

# कुम्हार समाज ने रामअवतार अणगासरिया का किया भव्य सम्मान, अध्यक्ष बनने पर दी शुभकामनाएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** झुंझुनू जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित कुम्हार छात्रावास में डीड राइटर एवं स्टाम्प वेंडर संगठन के अध्यक्ष पद पर श्री रामअवतार अणगासरिया के निर्वाचित होने पर कुम्हार कर्मचारी एवं समाज सेवा समिति, झुंझुनू द्वारा उनका भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें साफा पहनाकर व माला पहनाकर सम्मानित करते हुए समाज की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष हरिराम दादरवाल, सचिव पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री विनोद कुमार,सी.ए. महेंद्र , लेखाकार वीरेंद्र सिंह दादरवाल, प्रधानाचार्य हरि कुमावत, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री महेंद्र चंदवा सहित कई





गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा ओमप्रकाश कुमासिया, श्रीचंद, सुनील दादरवाल, दान मशीनरी के परसाराम , राजू ठेकेदार,सुरेंद्र ठेकेदार, मोहन ठेकेदार, प्रवीण किरोड़ीवाल, सुनील दादरवाल, प्रकाश, सुभाष एलआईसी, रोहिताश गोवला, अशोक पार्षद, गोविंद प्रजापत एवं राजेंद्र सनोदिया सहित समाज के कई सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा, जहां सभी ने अणगासरिया के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में संगठन के और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई।

# रतिया में नशा मुक्ति अभियान: स्कूल में सेमिनार, वार्डों में जागरूकता और पीड़ितों की काउंसलिंग

**रतिया क्षेत्र में अभियान तेज,अलग-अलग जगहों पर जाकर किया जागरूक**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/रतिया**

**रजत विजय रंगा ।** नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा रतिया के पी.एल. जिंदल कॉन्वेंट स्कूल में सेमिनार आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।उसके पश्चात टीम द्वारा रतिया के विभिन्न वार्डों में जागरूकता अभियान चलाते हुए 03 नव चिन्हित पीड़ितों को काउंसलिंग उपरांत तथा साथ ही 05





उपचाराधीन पीड़ितों को भी आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध करवाई गई। इसके अलावा रतिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में दाखिल पीड़ितों की भी काउंसलिंग की गई, ताकि उन्हें नशे की लत से बाहर निकालकर मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।नशा मुक्ति टीम द्वारा यह अभियान निरंतर जारी है तथा आमजन को जागरूक कर नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# 'दिलखुश' परिवार की बेटियों ने किया नाम रोशन, खुशी का माहौल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

अग्रवाल समाज की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए समाज का नाम रोशन किया है। कस्बे के 'दिलखुश' परिवार के मुखिया स्व. रामावतार गोयल–विद्या गोयल की दोहिती डॉ. निर्विका सिंघानिया और डॉ. शैली गोयल ने हाल ही में एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर डॉक्टर बनने का गौरव हासिल किया है। डॉ. निर्विका सिंघानिया, चतुर्भुज व अनिशा सिंघानिया की सुपुत्री तथा स्व. रामावतार गोयल व विद्या गोयल की दोहिती हैं। चूड़ी अजीतगढ़ निवासी है, जो वर्तमान में भरूच (गुजरात) प्रवासी हैं। वहीं डॉ. शैली गोयल, अशोक व बिंदू गोयल



की सुपुत्री तथा स्व. रामावतार गोयल व विद्या गोयल की सुपौत्री हैं। दोनों बेटियों की इस



उपलब्धि पर अग्रवाल समाज चिड़ावा में हर्ष का माहौल है। समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन रही हैं। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व समाज के प्रतिनिधियों ने भी दोनों नव-डॉक्टरों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिनमें प्रमुख रूप से पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमेश गाडिया, अग्रवाल जन कल्याण समिति के संस्थापक महामंत्री (पूर्व) प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, श्रीकांत हलवाई, महेश सर्राफ, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार बाछुका, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विष्णु चौधरी, राकेश वेद, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, कन्हैया लाठ, प्रकाश मोदी, राजेश वेद, मुरारी किठानिया, महेश मोदी, किशन गोयल, अशोक गोयल, युवा अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मोदी, दिनेश झुंझुनूंवाला, अमित सुशील गोयल, पूर्व सहवृत्त सदस्य एवं बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया, प्रशांत पिचानवेवाला, आशीष अग्रवाल गाडाखेड़ा, नितिन केडिया आदि प्रमुख है।



## सिर्फ पानी ही नहीं सौंफ का दूध भी देता है कमाल के फायदे, आज ही डाल लो इसकी आदत

क्या आप जानते हैं कि सिर्फ सौंफ का पानी ही नहीं सौंफ का दूध भी कमाल के फायदे देता है। सोने से पहले दूध में सौंफ मिलाकर पीना एक पुराना और असरदार घरेलू नुस्खा माना जाता है। यह सिर्फ नींद ही नहीं, बल्कि पाचन और शरीर को रिलैक्स करने में भी मदद करता है। अगर आप रात में करवटें बदलते रहते हैं, तो यह आदत आपके लिए फायदेमंद हो सकती है।

### सौंफ वाला दूध पीने के फायदे

बेहतर और गहरी नींद: सौंफ में मौजूद प्राकृतिक तत्व शरीर को शांत करते हैं, जिससे दिमाग रिलैक्स होता है और नींद जल्दी आती है।

तनाव और बेचैनी कम करता है: सौंफ की हल्की खुशबू और गुण नर्वस सिस्टम को शांत करते हैं, जिससे स्ट्रेस कम होता है।

पाचन सुधारे: अगर आपको रात में गैस, एसिडिटी या भारीपन रहता है, तो सौंफ वाला दूध काफी मददगार हो सकता है। यह अपच और गैस की समस्या को कम करता है।

हार्मोन बैलेंस में मदद: महिलाओं के लिए सौंफ खास फायदेमंद मानी जाती है, क्योंकि यह हार्मोनल संतुलन को सपोर्ट करती है।

शरीर को डिटॉक्स करता है: सौंफ शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करती है, जिससे सुबह हल्कापन महसूस होता है।

### सौंफ वाला दूध बनाने का तरीका

1 गिलास दूध लें उसमें 1 छोटा चम्मच सौंफ डालें, इसे 5–7 मिनट उबालें और फिर हल्का गुनगुना करके सोने से पहले पिएं। ध्यान रखें कि ज्यादा मात्रा में सौंफ न डालें, अगर आपको दूध सूट नहीं करता, तो डॉक्टर से पूछ लें। डायबिटीज या किसी बीमारी में पहले सलाह लें। रात में सौंफ वाला दूध पीना एक आसान और नैचुरल तरीका है, जिससे नींद बेहतर होती है और पाचन भी मजबूत बनता है। याद रखें अच्छी नींद के लिए दवा नहीं, सही आदतें जरूरी हैं।



## गन्ने का जूस पीने के फायदे जानकर चौंक जाएंगे

### पर 'ये' बात भी नोट कर लीजिए

गर्मी का सीजन आते से ही जगह–जगह पर गन्ने का रस बिकना शुरू हो जाता है। गर्मियों में गन्ने का जूस पीना सेहत के लिए अमृत बताया गया है। यह एक नेचुरल ड्रिंक है, जिसके सेवन से सेहत को ढेरों मिलते है। क्योंकि यह शरीर को तुरंत ऊर्जा देने के साथ–साथ डिहाइड्रेशन से बचाता है और इसमें मौजूद विटामिन, मिनरल्स व एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को तरोताजा बनाए रखते हैं, इसलिए इसके फायदे और पोषक तत्वों के बारे में जानना जरूरी है।

जो लोग मोटापे से परेशान हैं उन्हें गन्ने का रस पीने से बचना चाहिए।

जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या से परेशान हैं उन्हें गन्ने का रस नहीं पीना चाहिए या डॉक्टर के सलाह लेकर ही पीना चाहिए। जिन लोगों को गन्ने से एलर्जी है, उन्हें ये रस पीने से बचना चाहिए नहीं तो खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## नारियल पानी में मिलाकर पिएं ये बीज, 10 मिनट में शरीर की गर्मी होगी गायब

**जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है लू और डिहाइड्रेशन का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और ज्यादा पसीना आने के कारण शरीर जल्दी थकान और कमजोरी का शिकार हो जाता है। इस मौसम में केवल पानी पीना काफी नहीं है बल्कि शरीर को ऐसे पेय पदार्थों की जरूरत होती है जो इलेक्ट्रोलाइट्स और पोषक तत्वों से भरपूर हों। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए नारियल पानी और सब्जा सीड्स का मिश्रण एक बेहतरीन सुपरड्रिंक के रूप में उभरकर सामने आया है।**

यह प्राकृतिक ड्रिंक न केवल आपकी प्यास बुझाता है बल्कि शरीर को आंतरिक रूप से ठंडा रखकर बीमारियों से भी बचाता है। आइए जानते हैं इस सुपर ड्रिंक के स्वास्थ्य लाभ।

### बेहतर हाइड्रेशन

गर्मियों में पसीने के माध्यम से शरीर से पोटैशियम, सोडियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी मिनरल्स बाहर निकल जाते हैं जिससे कमजोरी महसूस होने लगती है। नारियल पानी इन इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को तेजी से पूरा करता है। जब इसमें सब्जा सीड्स (तुलसी के बीज) मिलाए जाते हैं तो इसकी शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। सब्जा सीड्स पानी को सोखकर जेल जैसा रूप ले लेते हैं जो शरीर में पानी को लंबे समय तक रोक कर रखने में मदद करते हैं जिससे आप दिनभर खुद को तरोताजा महसूस करते हैं।

### पाचन तंत्र के लिए रामबाण

वैज्ञानिक रूप से सब्जा सीड्स में घुलनशील फाइबर की उच्च मात्रा पाई जाती है। यह फाइबर आंतों की सफाई करने और पाचन प्रक्रिया को सुचारू बनाने में सहायक होता है। यदि आप गर्मियों में कब्ज, गैस या अपच जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं तो नारियल पानी के साथ इन बीजों का सेवन आपके लिए अत्यंत लाभकारी है। नारियल पानी पेट की जलन को शांत करता है और एसिडिटी को तुरंत नियंत्रित करने का काम करता है।

### थकान होगी छूमंतर

अक्सर गर्मी के कारण दोपहर तक शरीर की ऊर्जा का स्तर गिर जाता है। नारियल पानी में मौजूद प्राकृतिक शर्करा आपको तुरंत एनर्जी देती है। वहीं सब्जा सीड्स धीरे–धीरे ऊर्जा रिलीज करने की क्षमता रखते हैं। इन दोनों का कॉम्बिनेशन शरीर को लंबे समय तक एक्टिव बनाए रखता है जिससे बार–बार होने वाली थकान का अहसास कम हो जाता है।



### वजन घटाने में सहायक

जो लोग अपना वजन नियंत्रित करना चाहते हैं उनके लिए यह सुपरड्रिंक किसी जादू से कम नहीं है। सब्जा सीड्स पेट में जाकर फूल जाते हैं जिससे पेट भरा हुआ महसूस होता है और बेवजह की भूख शांत हो जाती है। नारियल पानी खुद एक लो–कैलोरी ड्रिंक है जो मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त कर फैट बर्निंग की प्रक्रिया में मदद करता है।

### ग्लोइंग स्किन और डिटॉक्सिफिकेशन

जब शरीर अंदर से साफ होता है तो उसका असर त्वचा पर साफ दिखाई देता है। नारियल पानी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं। सब्जा के साथ इसका नियमित सेवन करने से मुंहासों की समस्या कम होती है और त्वचा में प्राकृतिक चमक आती है।

प्राकृतिक गुणों से भरपूर नारियल पानी और सब्जा का यह मेल बाजार में मिलने वाले महंगे और अनहेल्दी एनर्जी ड्रिंक्स का एक सस्ता और प्रभावी विकल्प है। इस गर्मी में खुद को सुरक्षित और हाइड्रेटेड रखने के लिए इस सुपरड्रिंक को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनाएं।

## गर्मी में कच्चे आम से बनाएं फ्रेश अमचूर पाउडर



बाजार की मिलावट से बचकर घर पर शुद्ध अमचूर पाउडर बनाना बहुत आसान है। यह लेख आपको सही कच्चे आम चुनने से लेकर, उन्हें सुखाने, पीसने और साल भर के लिए स्टोर करने की पूरी विधि बताता है, जिससे आपको मिलेगा बेहतर स्वाद और रंग।

क्या आप जानती हैं कि आप घर पर ही बड़े आराम से आम से अमचूर पाउडर बना सकती हैं? बाजार में जो अमचूर मिलता है, उसमें अक्सर मिलावट होती है और उसका रंग भी काला सा दिखता है। लेकिन घर पर बना पाउडर एकदम शुद्ध होता है और इसकी खुशबू और खटास भी बहुत जबरदस्त होती है। सबसे अच्छी बात यह है कि सिर्फ थोड़े से कच्चे आम से आप साल भर का अमचूर तैयार कर सकती हैं। एक बार इसे बनाने का तरीका जान लिया, तो आप बाजार से महंगा पाउडर लाना भूल जाएंगी।

### सही आम का चुनाव कैसे करें?

घर पर बढ़िया अमचूर बनाने के लिए सही आम चुनना बहुत जरूरी है। हमेशा ऐसे कच्चे आम लें जो एकदम सख्त हों और जिनमें गुठली अच्छे से बन गई हो। अगर आम मुलायम या हल्के पके होंगे, तो अमचूर अच्छा नहीं बनेगा। सबसे पहले आमों को धोकर सुखा लें, फिर इनका छिलका उतार लें। अब इन्हें पतले–पतले टुकड़ों में काट लें। आप चाहें तो इन्हें कद्दूकस भी कर सकती हैं, क्योंकि जितने पतले टुकड़े होंगे, वे उतनी ही जल्दी सूखेंगे।

### आम सुखाने का सही तरीका

कटे हुए टुकड़ों को किसी सूती कपड़े या बड़ी थाली पर फैला दें। ध्यान रखें कि टुकड़े एक–दूसरे के ऊपर न हों, वरना उनमें फफूंद लग सकती है। इन्हें 2 से 3 दिनों तक तेज धूप में सुखाएं। जब टुकड़े इतने सूख जाएं कि हाथ से दबाते ही टूट जाएं, तब समझिए कि ये तैयार हैं। अगर थोड़ी भी नमी रह गई, तो पाउडर जल्दी खराब हो सकता है। सुखाते समय इसे किसी पतले कपड़े से ढक देना बेहतर रहता है।

### ऐसे बनाएं अमचूर पाउडर

जब आम के टुकड़े पूरी तरह सूख जाएं, तो उन्हें मिक्सर में डालकर बारीक पीस लें। पीसने के बाद इस पाउडर को एक बारीक छलनी से छान लें ताकि आपको एकदम महीन पाउडर मिले। बस, आपका शुद्ध अमचूर पाउडर तैयार है!

### साल भर तक स्टोर करने का नुस्खा

इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए हमेशा कांच के एयरटाइट जार का इस्तेमाल करें। पाउडर को जार में भरने के बाद इसमें आधा चम्मच नमक मिला दें, इससे यह साल भर तक खराब नहीं होगा। यकीन मानिए, घर का बना यह अमचूर बाजार वाले से कहीं ज्यादा खट्टा और ताजा होता है।

## स्विमिंग पूल में बच्चों की आंखों को इंफेक्शन से बचाने के आसान तरीके



गर्मियों में बच्चों को स्विमिंग पूल में खेलना बेहद पसंद होता है, लेकिन कई बार यह मजा उनकी आंखों के लिए परेशानी बन सकती है। गंदे या ठीक से मेंटेन न किए गए पूल में मौजूद बैक्टीरिया और केमिकल्स आंखों में इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं, जिसे आमतौर पर 'पिंक आई' कहा जाता है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों की आंखों की सुरक्षा के लिए कुछ खास सावधानियां बरती जाएं।

### स्विमिंग पूल में छिपे हेल्थ रिस्क

खराब तरीके से साफ किए गए पूल में बैक्टीरिया और गंदगी हो सकती है, जिससे आंखों में इंफेक्शन हो सकता है।

बच्चे अक्सर पानी में आंखें खोलकर तैरते हैं, जिससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

तौलिए, गॉगल्स या अन्य चीजें शेयर करने से संक्रमण तेजी से फैल सकता है।

पूल में डाला जाने वाला क्लोरीन आंखों की नैचुरल परत (tear film) को नुकसान पहुंचा सकता है।

पिंक आई (आंखों के इंफेक्शन) के लक्षण

आंखों का सफेद हिस्सा लाल दिखना

आंखों में जलन, खुजली या कुछ फंसा हुआ महसूस होना

पानी या पीले–सफेद रंग का डिस्चार्ज आना

धुंधला दिखाई देना और पलकों में सूजन।

### बच्चों को कैसे बचाएं?

बच्चों को हमेशा स्विमिंग गॉगल्स पहनाकर ही पूल में भेजें

केवल साफ और अच्छी तरह मेंटेन किए गए पूल का ही चुनाव करें

तौलिए, गॉगल्स या पर्सनल चीजें शेयर न करें

बड़े बच्चे स्विमिंग के दौरान कॉन्टैक्ट लेंस न पहनें

स्विमिंग के बाद आंखों को साफ पानी से जरूर धोएं। स्विमिंग बच्चों के लिए एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही आंखों के इंफेक्शन का कारण बन सकती है। सही सावधानियां अपनाकर आप बच्चों को 'पिंक आई' जैसी समस्याओं से बचा सकते हैं और उनका स्विमिंग एक्सपीरियंस सुरक्षित बना सकते हैं।

# वन विभाग के रेंजर धर्मवीर सहित दर्जन लोगों के खिलाफ न्यायालय में हुआ मामला दर्ज

## काश्तकार पालाराम ने करवाया है मामला दर्ज

**अतिरिक्त मुख्य न्यायक मजिस्ट्रेट उदयपुरवाटी ने थाना अधिकारी से मांगी तथ्यात्मक रिपोर्ट**

**नीमकाजोहड़ा गोपालजी मंदिर की जमीन खसरा नंबर 115 से जुड़ा है मामला**

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।



**सुमेर मीणा** । न्यायालय में प्रस्तुत किए गए परिवाद के अनुसार पालाराम को उपखंड मजिस्ट्रेट के निर्णय की पालना में तहसीलदार के द्वारा फसल कास्त करने के लिए ग्राम छापोली नीमकाजोहड़ा की भूमि खसरा नंबर 115 सहित अन्य भूमि फसल कास्त के लिए जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक के लिए दी गई थी। उक्त भूमि सन 2013 से विवादित होने के कारण रिसीवर में ली गई थी। और हर वर्ष रिसीवर के द्वारा तहसील कार्यालय में बोली लगाई जाती है, इस साल भी तहसील कार्यालय में बोली लगी थी और नियमानुसार पालाराम को मौके पर कब्जा दे दिया गया था । इससे पहले भी पालाराम ने उक्त जमीन सन 2013 से लगातार सात बार कास्त कर चुका है, हर बार की तरह पालाराम ने अगस्त 2025 में फसल सुरक्षा के लिए अस्थाई रूप से लोहे का जाल बांधकर बाड़ कर ली थी लेकिन 26 दिसंबर 2025 को वन अधिकारी रेंजर धर्मवीर अपने साथ वन विभाग के एक दर्जन से अधिक कर्मचारी शाहरुख खान ,योगेश , राजकुमार, मनोज , सुरेश , पूनम , मनीष , अमर सिंह, कन्हैयालाल सहित भूमिया से संपर्क रखने वाले दर्जनों प्राइवेट लोगों के साथ मिलीभगत करके एक संगठित गिरोह बनाकर के आए और मौके पर मौजूद काश्तकार पालाराम को राज कार्य में बाधा डालने का मुकदमा लगाकर जेल भिजवाने की धमकी दी और खसरा नंबर 115 पर अतिक्रमण कर वन विभाग की जमीन को खुर्द बूरद करने के आरोप लगाने लगे । पालाराम ने अपने पास मौजूद तहसीलदार का दिया हुआ आदेश और कानूनी तौर पर कब्जा देने की रिपोर्ट रेंजर धर्मवीर को दिखाई उसके बावजूद रेंजर धर्मवीर सिंह ने गैर कानूनी रूप से पद का दुरुपयोग करते हुए जबरन अपने साथ लाई बिना नंबर की जेसीबी मशीन, बिना नंबर की ट्रैक्टर ट्राली और वह भूमाफिया किस्म के बदमाश लोगों को साथ लेकर खसरा नंबर 115 के दक्षिण दिशा में लगे हुए 60 पत्थर के खंभे उनके लगा पांच राउंड का तार और अगस्त 2025 में परिवादी के द्वारा लगाया गया 6 फीट ऊंचाई का जाल तोड़ दिया और फसल को खुर्द कर दिया और इसी खसरा के उत्तरी दिशा में लगे पत्थरों के 90 खंभे को तोड़ दिया। इन पोलो के लगा हुआ 5 राउंड का लोहे का तार और अगस्त 2025 में लगाया हुआ जाल तोड़कर पद का दुरुपयोग करते हुए गैर कानूनी रूप से काश्तकार का 5,00,000 का नुकसान कर दिया । घटना के दिन से परिवादी ने तहसीलदार , उपखंड अधिकारी , जिला कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक , पुलिस उप अधीक्षक , पुलिस महानिरीक्षक , मुख्यमंत्री सबके पास न्याय की गुहार लगाई सब अधिकारीयो ने थानाअधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लेकिन रेंजर के खिलाफ थानाअधिकारी उदयपुरवाटी ने कोई मामला दर्ज नहीं किया गया । तब न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट उदयपुरवाटी के न्यायालय में अपना परिवाद पेश किया ।न्यायालय ने पालाराम के परिवाद पर थानाधिकारी उदयपुरवाटी को आदेश जारी कर रिपोर्ट मांगी है की परिवाद के अवलोकन से स्पष्ट तौर पर कोई संघेय अपराध बनना पाया गया या नहीं, कोई संज्ञेय अपराध बनना नहीं पाया गया तो इसका क्या आधार है, यदि कोई संज्ञेय अपराध बनना पाया गया है तो क्या FIR दर्ज नहीं की गई है, यदि FIR दर्ज नहीं की गई है तो किन किन कारणों से दर्ज नहीं की गई है और परिवाद को प्रारंभिक जांच के लिए रखा गया है तो इतना समय व्यतीत हो जाने के बावजूद किसी निष्कर्ष पर न पहुंच पाने का क्या कारण है मामले से जुड़े हुए पांच बिंदुओं पर 20 अप्रैल से पूर्व न्यायालय ने रिपोर्ट मांगी है।

# शेखावाटी कबड्डी लीग 2026 का भव्य आगाज, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



खेलेगा शेखावाटी, जीतेगा भारत' की प्रेरणादायक भावना के साथ रामगढ़ में आयोजित शेखावाटी कबड्डी लीग 2026 का शनिवार रात्रि को भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन रामनारायण रुईया शेखावाटी स्पोर्ट्स अकैडमी, रामगढ़ द्वारा किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

आयोजित उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में उत्साह, जोश और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। रंगारंग माहौल के बीच खिलाड़ियों का परिचय, तालियों की गूंज और जोशपूर्ण नारों ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया ।कबड्डी लीग प्रतियोगिता 18 एवं 19 अप्रैल 2026 को दिन एवं रात्रि दोनों सत्रों में खेली गई । प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं क्षेत्रीय स्तर पर छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को पहचान देना और उन्हें एक सशक्त एवं उत्कृष्ट मंच प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।शेखावाटी क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। युवा खिलाड़ी जहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं, वहीं दर्शकों में भी मुकाबलों को लेकर खास रोमांच बना हुआ है।आयोजकों के अनुसार, इस तरह के आयोजनों से न केवल खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा भी मिलती है। शेखावाटी कबड्डी लीग 2026 का यह आगाज क्षेत्र में खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता और जुनून का प्रतीक बनकर उभरा है, जो आने वाले समय में नई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।कार्यक्रम में राजेंद्र रुईया, जगदीश फौजी, भुवनेश्वर गोंड, संतोष सराफ, सुधीर शर्मा, बजरंग वर्मा, कैलाश थोई, अनिल गोयंका, नाथूराम चोला, अनिल लटा मुंबई, मनोज शर्मा, प्रशांत जोशी, राजेंद्र कुमार शर्मा सहित अनेक ऊर्जावान प्रतिभाशाली खिलाड़ी नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बेसहारा गोवंश के लिए श्रीराम परिवार की अनूठी पहल: 2 साल से हर रविवार जारी है सेवा का संकल्प

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी भाव को चरितार्थ करते हुए 'श्रीराम परिवार' द्वारा गोवंश की सेवा का संकल्प निरंतर जारी है। पिछले दो वर्षों से बिना किसी रुकावट के, हर रविवार को परिवार के सदस्यों द्वारा बेसहारा पशुओं को चारा, सब्जियां और पौष्टिक आहार खिलाया जा रहा है।

श्रीराम परिवार का मानना है कि शहर के उन क्षेत्रों में सेवा करना अधिक आवश्यक एवं पुण्य का कार्य हैं जहा गोवंश को आसानी से चारा या सब्जियां उपलब्ध नहीं हो पातीं। इसी उद्देश्य से परिवार ने भगीनिया जोहड़ (डिप्टी ऑफिस के पीछे) को अपनी सेवा का मुख्य केंद्र बनाया है। यहा सैकड़ों की संख्या में बेसहारा गोवंश विचरण करते हैं और भोजन की प्रतीक्षा में रहते है। श्रीराम परिवार ने आमजन से मार्मिक अपील संस्था के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने उस स्थान पर खाने की सामग्री डालने के लिए विशेष पात्र (बर्तन) भी रखवाए हैं। श्री राम परिवार ने समस्त गोभक्तों और आमजन से अपील की है कि 'जो भी नागरिक गोवंश की सेवा करना चाहते हैं, वे भगीनिया जोहड़ क्षेत्र में भी सेवा सामग्री पहुँचाएं। यहा विचरण करने वाले सैकड़ों बेसहारा पशुओं



को आपके सहयोग और आहार की अत्यंत आवश्यकता है। आज रविवार को आयोजित सेवा कार्यक्रम में श्रीराम परिवार के अनेक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पुनीत कार्य में मुकेश पारीक, सुनील शर्मा, पवन शर्मा नवहाल, कृष्ण स्वामी, अमित सैनी, अमित लाटा, सत्यनारायण वर्मा (टीलू), देवेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, शशिकांत वर्मा, डॉ. पवन योगी, नितेश जांगिड़, अमित चोटिया और रजनीकान्त आदि ने अपनी सक्रिय सेवाएं दीं और गोवंश का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# चंवरा मैं गैस सिलेंडर फटने की घटना के बाद कई अधिकारियों एवं कंपनी की टीम पहुंची घटनास्थल का किया मौका मुआयना

## गरीब शंकर लाल मेघवाल का हुआ था घर ध्वस्तु लाखों का घरेलू सामान चढ़ा आग की भेंट

**इलाके में सनसनी आमजन में भय**

**गरीब बेबस बेघर शंकर लाल मेघवाल के लिए सहायता राशि जुटाना के लिए चलाया अभियान**

भीम प्रज्ञा न्यूज.चंवरा।

**सुमेर मीणा** । किशोरपुरा सड़क चंवरा में शनिवार को सिलेंडर ब्लास्ट के सनसनीखेज घटनाक्रम के बाद रविवार को घटनास्थल का मौका मुवायना करने के लिए एचपीसीएल एजेंसी की अजमेर टीम के आलोक गोस्वामी और उनकी टीम मौके पर पहुंची । जहां उन्होंने रसोई गैस सिलेंडर के अलग-अलग पहलुओं पर जांच कर 70 लाख रुपए का नुक़सान मानकर एस्टीमेट तैयार कर उच्च अधिकारीयों को भेज कर अवगत कराया। इसके बाद तहसीलदार झण्डू राम कुड़ी ने भी पूरी घटना का जायजा लिया मवेशियों का डॉ मयंक के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया । मौके पर



उदयपुरवाटी विधायक भगवान राम सैनी ने पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर संपूर्ण नुकसान का जायजा लेकर विधायक ने कहा कि मैं मेरे जीवन में इतनी भयानक घटना और ऐसा खौफनाक मंजर पहली बार देखा है । जो दिल को दहला देने वाला है ।यह भीषण दुर्घटना है हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं । राजस्थान सरकार के तहत जो भी सहायता होगी वह करवाई जाएगी । वही तहसीलदार झण्डू राम कुड़ी ने कहा कि सरकार से आपदा प्रबंधन के तहत राशि देय होगी वह उपलब्ध करवाई जाएगी । पीडब्ल्यूडी के एईन संदीप कुमार ने मौका निरीक्षण किया तथा दुर्घटना से हुए संपूर्ण नुकसान की रिपोर्ट तैयार की । इस दौरान सरपंच धर्मराज सैनी, पटवारी ओम सिंह सैनी, पुलिस विभाग से हैडकांस्टेबल महावीर सैनी, कांस्टेबल संजय मीणा, विजेंद्र गोठवाल,ओम प्रकाश सिरोलिया,पंकज मीणा किशोरपुरा, दिनेश महारानियां, शिक्षाविद भीमाराम मेघवाल, महेन्द्र बड़सरा,राजेश खटाणा किशोरपुरा, सुरेंद्र कायल, कमलेश सिरोहीवाल, दिनेश महरीया, सुरेंद्र बगड़िया, रामसिंह बड़कोदिया, जगदीश खिंची, हेमराज रावत, पप्पुराम चावड़ा,डा. बिके विश्वास सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कार्यवाही: ट्रैक्टर खुर्द-बुर्द करने और धोखाधड़ी के मामले में मुख्य आरोपी काबू

**आरोपी हरजीत सिंह को पुलिस ने दबोचा; कब्जे से धोखाधड़ी किया गया 'जॉन डियर' ट्रैक्टर बरामद**

**बैंक की किस्तें भरने का झांसा देकर हड़पा था ट्रैक्टर; कोर्ट ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा-**

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । फतेहाबाद पुलिस द्वारा धोखाधड़ी और अमानत में खयानत करने वाले अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक किसान के साथ विश्वासघात कर ट्रैक्टर हड़पने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरजीत सिंह पुत्र बलकार सिंह, निवासी मूसेवाली (हाल निवासी भाटिया कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता सुभाष निवासी गाँव गीगो रानी जिला सिरसा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने उनके नए 'जॉन डियर' ट्रैक्टर की सभी बैंक किस्तें समय पर भरेंगे और ट्रैक्टर का उपयोग करेंगे।लेकिन आरोपियों ने न तो बैंक की किस्तें भरीं और न



ही ट्रैक्टर वापस किया। उल्टा, बैंक का पूरा कर्ज सुभाष को खुद चुकाना पड़ा। जब ट्रैक्टर वापस मांगा गया, तो आरोपियों ने ट्रैक्टर खुर्द-बुर्द कर दिया और पीड़ित को जान से मारने की धमकियां दीं। पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद आईपीसी की धारा 406, 420, 34 के तहत मुकदमा नंबर 118/2026 दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी हरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से जॉन डियर ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है।आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले की जाँच जारी है।

# झेरली गौशाला अग्निकांड, पीड़ित परिवार के आंसू पोंछने पहुंचे डॉ. मधुसूदन मालानी, 2 लाख रुपये की मदद से दी राहत

भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।

झुंझुनूं जिले के पिलानी क्षेत्र के झेरली गांव में हुए भीषण गौशाला अग्निकांड के बाद जहां पूरे गांव में शोक और मायूसी का माहौल है, वहीं संकट की इस घड़ी में जनसेवक एवं भामाशाह डॉ. मधुसूदन मालानी पीड़ित परिवार के लिए सहारा बनकर सामने आए। उन्होंने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ पीड़ितों को ढांढस बंधाया, बल्कि आर्थिक मदद देकर बड़ी राहत भी प्रदान की। शनिवार रात हुए इस दर्दनाक हादसे में गैस सिलेंडर ब्लास्ट के कारण गौशाला में भीषण आग लग गई थी, जिसमें 5 गायों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे की भयावहता ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। गौशाला में रह रहे परिवार- जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं- ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लकड़ी की छत होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते



विकराल रूप ले लिया।

इसी दौरान सिलेंडर में जोरदार धमाका हो गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। आग की चपेट में आकर पूरी गौशाला तहस-नहस हो गई और बंधी हुई गायों को बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलते ही ग्रामीणों, गौरक्षकों और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे की जानकारी मिलते ही डॉ. मधुसूदन मालानी तुरंत झेरली गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित गौशाला संचालक योगेश समदर्शी से मुलाकात कर उनका हाल जाना और उन्हें हिम्मत बंधाई। इस दौरान परिवार का दर्द छलक पड़ा और माहौल भावुक हो गया। मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए डॉ. मधुसूदन मालानी ने गौशाला के पुनर्निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भेंट किया। उनकी इस पहल से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली और उन्होंने भावुक होकर उनका आभार जताया। गांव के लोगों ने भी इस कठिन समय में आगे आकर मदद करने के लिए डॉ. मालानी की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे संकट के समय में इस तरह का सहयोग पीड़ित परिवार के लिए संबल का काम करता है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे झेरली गांव में शोक की लहर है, लेकिन राहत की बात यह है कि समाज के लोग और जनप्रतिनिधि आगे आकर पीड़ित परिवार को संभालने में जुटे हैं।

# गुजरवास में शतरंज प्रतियोगिता में निमोठ निवासी कशिश प्रथम रहें

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण** । गांव गुजरवास में थ्री बोदर की ओर से रविवार को शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूर-दराज के खिलाडियों ने 20 भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत्त नेवी अधिकारी सुमेर सिंह ने किया। नरपत चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोगों को शतरंज जैसे बौद्धिक खेल के प्रति जागरूक करना तथा इसे सीखने-सिखाने के लिए प्रेरित करना है। शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम निमोठ निवासी कशिश, द्वितीय संदीप तथा तृतीय स्थान पर राजकुमार रहे विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर



सुनिल सिंह नंबरदार, राजेंद्र वर्मा, मा. रामसिंह निमोठ, तेजप्रकाश कामरेड, मुकेश कोच, सुरेश प्रधान, प्रवक्ता विकास जांगड़ा, मा. प्रदीप कुमार सहित गांव के गणमान्य लोग व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अटेली में धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया

**विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने ब्राह्मण भवन के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की**

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण** । अक्षय तृतीया के अवसर पर रविवार को अटेली में परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। परशुराम गौड़ सभा अटेली द्वारा का इस कार्यक्रम को लेकर अटेली क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोगों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ हजन से हुई। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। समारोह में मुख्य अतिथि विप्र



फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार भारद्वाज उपस्थित हुए। अटेली में गोड सभा के प्रधान गौरव और गौड़ ने आने वाले सभी का स्वागत अभिनंदन किया। समारोह में निर्जर धाम से पीठाधीश्वर निर्झर धाम से शंकर दास महाराज विशेष रूप से मौजूद रहे। हरियाणा विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप वशिष्ठ ने भी अपने विचार रखे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में ब्राह्मण समाज अपनी विशेष भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने ब्राह्मण भवन के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की ।हरियाणवी कलाकार गगन शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों में एडवोकेट राकेश कैलाश चंद शर्मा, अमित भारद्वाज, बुद्धि प्रकाश शर्मा और भूप सिंह मास्टर सहित कई गणमान्य शामिल होंगे। इस अवसर पर सभा के कार्यकारिणी सदस्य राजेश कौशिक, बेद गिरदवार, हेमंत एडवोकेट, मुकेश शर्मा, कमल वशिष्ठ, मनीज मुदगिल, शिव कुमार शर्मा एडवोकेट, पंकज गौड़ आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह नेतृत्व में चंदपुरा में आज सद्भाव यात्रा अटेली में पहुंचेगी

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण** । कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह नेतृत्व में पिछले छः माह से चल रही सद्भाव यात्रा आज अटेली में 20 अप्रैल को पहुंचेगी। यह यात्रा अटेली विधानसभा के दोनों कस्बों अटेली व कनीना के गांवों में भाजपा के नफरती एजेंडे का लोगों के बीच में दो दिनों तक पर्दाफाश करेगी। कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह राता ने बताया कि सुबह 10 बजे चंदपुरा में सभा करने के बाद सुजापुर, अटेली-बेगपुर, धन्नौदा होते हुए सवा तीन बजे अटेली के पुरान बस स्टैंड होते हुए झंडा चौक पर चार बजे पहुंचेगी। यात्रा में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह अपने साथ चल रहे यात्रियों के साथ पहुंचेगे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती, परशुराम भवन चिड़ावा में गूंजे जयकारे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया का पावन पर्व ब्रह्मा चैतन्य संस्थान में अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों और विप्रजनों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात भगवान को विशेष भोग अर्पित किया गया और सामूहिक आरती के साथ मंगल कामनाएं की गईं। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा।

इस धार्मिक अनुष्ठान में संस्थान अध्यक्ष रामगोपाल मिश्र, महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा, नवल-किशोर लाटा, राधेश्याम शर्मा सुखाड़िया, गोपाल महमिया, नरेश शर्मा और मनीष शर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य विप्रजन उपस्थित रहे। अध्यक्ष रामगोपाल मिश्र ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का मुख्य और भव्य आयोजन 26 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और समाज के हर वर्ग में इसे लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। जयंती संयोजक पुष्कर लाल मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण एक भव्य शोभायात्रा होगी। यह शोभायात्रा महाकाल मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शुरू होकर कबूतर खाना बस स्टैंड, पुरानी तहसील रोड, गांधी चौक, कल्याण जी मंदिर और गौशाला रोड जैसे मुख्य मार्गों से होते हुए परशुराम भवन पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत की तैयारियां की गई हैं। शोभायात्रा के समापन के उपरांत परशुराम भवन में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और विशिष्ट प्रतिभाओं को गौरवमयी मंच प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशाल महाप्रसाद का वितरण होगा। संस्थान के सदस्यों ने इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में विप्रजनों और श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।



> भगवान परशुराम जी का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और ज्ञान के प्रसार की प्रेरणा देता है। 26 अप्रैल का महोत्सव समाज की एकता का प्रतीक बनेगा।
> **– रामगोपाल मिश्र, अध्यक्ष (ब्रह्मा चैतन्य संस्थान)**

## ब्रह्म बगीची में गूंजा जय परशुराम व परशुराम सर्किल पर हुई आतिशबाजी

# महाभिषेक, महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धा-भक्ति से आयोजित हुआ जन्मोत्सव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

अक्षय तृतीया के सुअवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन नगर में एकमात्र प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति स्थानीय ब्रह्म बगीची में श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित हुआ।

गौड़ ब्राह्मण महासभा एवं गौड़ ब्राह्मण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे परिसर में जय परशुराम के उद्घोष गूंजते रहे।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम जी के महाभिषेक से हुई, जो पं. चन्द्रशेखर जोशी, पं. राजेश शर्मा, प्रभुदयाल इन्दोरिया एवं चन्द्रशेखर मिश्रा के सान्निध्य में विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात आयोजित भव्य महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उसके पश्चात गौड़ ब्राह्मण महासभा ने सभी सनातनियों के साथ सप्तर्षि भवन में पूजा अर्चना की।आयोजन के दौरान समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संयुक्त समिति ने सफल आयोजन के लिए सभी



सहयोगियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामाजिक एकता और आस्था का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।कार्यक्रम एवं आरती अभिषेक में गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधि सुभाष जोशी, अध्यक्ष डॉ महेश शर्मा, दिनेश मारोठवाला, यादव शास्त्री, पूर्व उपनिदेशक रामनिवास शर्मा, सर्वोत्तम वैद्य, एडवोकेट प्रदीप पारीक, एडवोकेट ललित पुरोहित, पार्षद मधु दायमा, कमल तिवाड़ी, अश्विनी पारीक, शशांक जोशी, कमल शर्मा भूमा वाले,पवन बोहरा, दिनदयाल जोशी, अंकित सुरोलिया, गौ सेवक व शिक्षाविद् संजय जोशी, वैद्य सुरेश ढंड, वैद्य मुकेश ढंड, जनार्दन जोशी, सत्यनारायण नाहरिया, अनिल मिश्रा, संस्कृत आचार्य बालकृष्ण जोशी, चंद्रशेखर मिश्रा, राकेश शर्मा, रमेश ढंड, एडवोकेट रविन्द्र शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सज्जन पारीक, अनूप खुड़ीवाला, अरविंद कुमार शर्मा, मनु शर्मा, शशी पुजारी, नरेश शर्मा, शिक्षक संजय जोशी, प्रकाश पासोरिया आदि उपस्थित रहें।श्री गौड़ ब्राह्मण महासभा के मिडिया प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि आरती पश्चात आयोजित विप्र महासभा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसके अंतर्गत शीघ्रातिशीघ्र विप्र युवाओं की भावनाओं को कुठाराघात करने वाले यूजीसी कानून के विरुद्ध यूजीसी रोल बैक का ज्ञापन उपखंड कार्यालय में सौंपा जायेगा। उन्होंने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव पर ब्रह्म बगीचे में आयोजित कार्यक्रम में 27 अप्रैल को गौ सेवा सम्मान हेतु प्रशासन को दिये जाने वाले हस्ताक्षर अभियान के तहत सभी उपस्थित विप्र बन्धुओं ने हस्ताक्षर किये और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने, केन्द्रीय गौ सेवा मन्त्रालय बनाने, गो चारा सुरक्षा आदि मांगों का समर्थन किया। उन्होंने बताया कि सायंकाल पुनः ब्रह्मा बग़ीची में लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से भव्य दीपोत्सव महाआरती और परशुराम सर्किल पर आतिशबाजी की गई

## एक पांडाल, दो संस्कृतियां: अट्ठाईस बेटियों की नई जिंदगी, महवा में हुडला ने रच दिया मानवता का इतिहास

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** महवा की धरती पर रविवार को ऐसा दृश्य साकार हुआ, जिसने इंसानियत, भाईचारे और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। पैतृक गांव हुडला में पूर्व विधायक ओम प्रकाश हुडला के सान्निध्य में 28 जरूरतमंद बेटियों का सामूहिक विवाह एक ही पांडाल के नीचे संपन्न हुआ, जहां एक ओर हिंदू रीति-रिवाजों से सात फेरे लिए गए तो दूसरी ओर मुस्लिम बेटियों के निकाह भी पूरे सम्मान और विधि-विधान के साथ अदा किए गए। यह आयोजन गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत चित्र बनकर सामने आया, जिसने साबित कर दिया कि 'मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।' पूर्व विधायक हुडला ने कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट और संवेदनशील शब्दों में कहा कि गरीब की बेटी का विवाह कराना सबसे बड़ा पुण्य है और यही सच्ची समाजसेवा है। उन्होंने बदलते सामाजिक परिवेश पर चिंता जताते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव और दिखावे की होड़ ने दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जन्म दिया है, जो समाज के लिए घातक साबित हो रही हैं। ऐसे में सामूहिक विवाह जैसे आयोजन इन बुराइयों पर सीधा प्रहार करते हैं। 'जहां सादगी होती है, वहीं असली समृद्धि जन्म लेती है'—इसी सोच को आधार बनाकर यह आयोजन वर्षों से समाज को नई दिशा दे रहा है। हुडला ने बताया कि वर्ष 2003 से शुरू की गई यह पहल आज जनआंदोलन का रूप ले चुकी है, जिसमें सर्वसमाज का भरपूर सहयोग मिल रहा है। अब तक सैकड़ों बेटियों के हाथ पीले कर वे न केवल परिवारों का बोझ हल्का कर चुके हैं, बल्कि समाज में सम्मान और



आत्मनिर्भरता का दीप भी जला चुके हैं। इस बार का आयोजन भावनात्मक रूप से भी बेहद मार्मिक रहा, जब महवा की तीन अनाथ बेटियों—प्रीति बैरवा, सोनम महावर और रेणु महावर—को उन्होंने गोद लेकर एक पिता की तरह उनका विवाह संपन्न कराया। यह दृश्य ऐसा था कि 'आंखें नम थीं, मगर दिल गर्व से भरा था।' सामूहिक विवाह में साईना बानो, सानिया खान, सानिया बानो, सोनम बानो और अफसाना बानो सहित विभिन्न समाजों की 28 बेटियों के विवाह सम्पन्न हुए। नवविवाहित जोड़ों को कन्यादान स्वरूप आवश्यक घरेलू सामग्री, जेवरात और फर्नीचर भेंट कर उनके नए जीवन की मजबूत नींव रखी गई, जिससे वे सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर होकर अपनी गृहस्थी की शुरुआत कर सकें। कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश हुडला का विशेष सहयोग रहा, वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को जन-आंदोलन का रूप दे दिया। हर चेहरे पर संतोष था और हर दिल से यही आवाज निकल रही थी— 'नेकी कर दरिया में डाल, लेकिन यहां तो नेकी ने इतिहास लिख दिया।'

## महवा में परशुराम जयंती पर गूंजे वैदिक मंत्र, 22 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** उपखंड मुख्यालय महवा में भगवान परशुराम जयंती का उत्सव इस बार श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता के अद्भुत संगम के रूप में आकार ले रहा है। तहसील रोड स्थित बड़ेही के मंदिर के समीप ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ताराचंद शर्मा के नेतृत्व में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हवन पूजन का आयोजन किया गया, जहां वैदिक मंत्रों की गूंज ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के गणमान्य नागरिकों ने भगवान परशुराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और समाज की एकजुटता का परिचय दिया। 'जहां धर्म की ज्योति जलती है, वहां संकट खुद ही पथ बदलता है'—इसी भाव को आत्मसात करते हुए महुवा में 22 अप्रैल को भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा निकालने की तैयारी अंतिम चरण में है। प्रातः 8 बजे ब्राह्मण धर्मशाला से कलश यात्रा, बैंड-बाजों और दर्जनों जीवंत झांकियों के साथ प्रारंभ होने वाली यह शोभायात्रा तहसील रोड, हिंडौन रोड, थाने के सामने, बोहरा धर्मशाला, सब्जी मंडी, गणेश चौक, सर्राफा बाजार, झंडे के नीचे, जैन मंदिर और गोपीनाथ जी के मंदिर होते हुए श्री कृष्ण गोपाल गौशाला, पुरानी तहसील के समीप स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंचेगी। यहां समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। ग्रामीण परिवेश में आस्था की यह धारा न



केवल धार्मिक उत्साह का प्रतीक बन रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती प्रदान कर रही है। 'धर्म की राह पर जो चला, वही असली विजेता बना'—इसी संदेश के साथ कार्यक्रम में राजेंद्र मिश्रा, कैप्टन श्यामबिहारी शर्मा, राधेश्याम करौली वाले, महेश शर्मा, पंडित राधाकृष्ण भारद्वाज, गौपुत्र अवधेश अवस्थी, पं. राधामोहन हुडला, कन्हैया शर्मा, योगेश अवस्थी, हडिया सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण शर्मा, भगवानसहाय तिवाडी, राजेश जैमिनी, प्रिंसिपल चन्द्रकांत शर्मा, जगदीश शर्मा, दीनदयाल शर्मा पाली, प्रियांशु झाडोलिया, लक्षीराम शर्मा, बनवारी शुक्ला, गिर्राज रसीदपुर, भूपेंद्र शर्मा, चंद्रकांत उपाध्यक्ष, संतोष,मनोज डंडा वाले, महेंद्र पान वाले, गोलू शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की।

## गायत्री परिवार की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तहसील स्तर पर अव्वल रहने पर किया आदित्य मीणा का सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर सिंह मीणा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र शांतिकुंज हरिद्वार (उत्तराखंड)के तत्वाधान में अखिल भारतीय स्तर पर माह अक्टूबर 2025 में आयोजित हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में



उदयपुरवाटी तहसील स्तर पर अव्वल रहने पर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुरवाटी की कक्षा 9 के छात्र एवं इस परीक्षा के प्रतिभागी आदित्य मीणा का गायत्री परिवार उदयपुरवाटी के संचालक बजरंगलाल सोनी की अगुवाई एवं इस विद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में सम्मान किया गया । इस सम्मान समारोह के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार गायत्री मंत्र का दुपट्टा ओढ़ाकर, प्रेरणादायक सद् वाक्य के स्टीकर देकर एवं गायत्री परिवार का सत् साहित्य प्रदान कर परीक्षा प्रतिभागी के साथ ही विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौधरी ,शिक्षक राजेंद्र सिंह शेखावत एवं शिक्षक राजेंद्र कड़वासरा का भी सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में डॉक्टर अनीता धीवां ,अर्चना सैनी, राकेश शर्मा ,दीपेंद्र शर्मा ,रतनलाल मीणा ,शीशराम पूनिया ,नेकीराम ,नवरतन सिंह ,विनोद कुमार ,विकेश गुप्ता, बलवान सिंह तथा विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यालय प्राचार्य प्रदीप चौधरी ने इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गायत्री परिवार की प्रशंसा की। सम्मान समारोह का संचालन राजेंद्र सिंह शेखावत ने किया।

# महवा के होटल में आधी रात की लूट-तोड़फोड़ का मास्टरमाइंड 2000 का इनामी दबोचा, फरसा बरामद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** भरतपुर बाईपास स्थित होटल वृन्दावन पैलेस में आधी रात को मची दहशत और तीन लाख के नुकसान वाली सनसनीखेज लूट-तोड़फोड़ कांड में पुलिस ने आखिरकार मुख्य वांछित इनामी आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस थाना महवा की सधी हुई कार्रवाई में 2000 रुपये के इनामी आरोपी रोहिताश उर्फ आरके मीना को 18 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का फरसा भी बरामद किया गया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने उस कड़ी को मजबूती से पकड़ लिया है, जिसने महवा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देने का दुस्साहस किया था। कहावत है– 'जब हदें टूटती हैं, तो कानून की लाठी बोलती है,' और इस मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ। 17 फरवरी 2026 की रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच, होटल संचालक नरेन्द्र उर्फ नरसी मीना ने जैसे ही सभी




कमरे बुक होने की बात कहकर आरोपियों को ठहराने से मना किया, वैसे ही गुस्से में बेकाबू हुए बदमाशों ने होटल को रणभूमि बना डाला। शीशे, खिड़कियां, दरवाजे, एलईडी और प्रिंटर तक को नहीं बख्शा गया, और करीब पांच हजार रुपये लूटकर फरार हो गए, जबकि होटल को लगभग तीन लाख रुपये का भारी नुकसान पहुंचाया गया। यह वारदात केवल लूट नहीं, बल्कि कानून के खिलाफ खुली चुनौती बनकर सामने आई थी। महवा सीओ मनोहरलाल मीना के सुपरविजन और थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार मीना के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों—धर्मेन्द्र उर्फ धरों सरपंच, गौरव उर्फ टोना और शैलेन्द्र उर्फ कबीर—को गिरफ्तार कर लिया था तथा घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार भी बरामद कर ली गई थी। अब मुख्य आरोपी रोहिताश की गिरफ्तारी ने पूरे घटनाक्रम की परतें खोलनी शुरू कर दी हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, अपहरण और डकैती जैसे गंभीर अपराधों के तीन प्रकरण पहले से दर्ज हैं, जिससे उसके आपराधिक मंसूबों की गंभीरता साफ झलकती है। 'जुर्म की राह पर चलने वालों का अंजाम यही होता है, कानून की पकड़ से बच पाना हर किसी के बस की बात नहीं होती है।' पुलिस अब आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और इस वारदात में शामिल अन्य फरार साथियों की तलाश तेज कर दी गई है।

## निःशुल्क नेत्र एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण व जांच शिविर सम्पन्न

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

शहर के टीबड़ा आई हॉस्पिटल एंड रेटिना सेंटर द्वारा 19 अप्रैल 2026, रविवार को इंदिरा नगर स्थित सामुदायिक भवन के पास आयोजित निःशुल्क नेत्र एवं हड्डी-जोड़ रोग जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह शिविर श्री गुरुजी पवन जी महाराज महंत श्री रूपण धाम भीमसर की प्रेरणा से माता स्वर्गीय श्रीमती सीता देवी की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र रोग एवं हड्डी-जोड़ रोगों के मरीजों के लिए विशेष जांच, परामर्श एवं उपचार की व्यवस्था की गई थी। नेत्र रोग विभाग में 210 मरीजों की जांच की गई, जहां डॉ. नंदकिशोर टीबड़ा एवं उनकी टीम ने मरीजों की आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां एवं चश्मे उपलब्ध कराए गए, साथ ही चयनित मरीजों को आंखों के ऑपरेशन पर विशेष छूट की जानकारी भी दी गई। ऑर्थोपेडिक विभाग में 160 मरीजों ने जांच करवाई, जहां डॉ. रमाकांत टीबड़ा एवं उनकी टीम ने घुटनों, कमर, गर्दन दर्द, पुराने चोट, सूजन तथा हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं का परीक्षण कर उपचार संबंधी परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंद



मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण एवं रोबोटिक सर्जरी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में फिजियोथेरेपी सेवाओं के अंतर्गत डॉ. अनिरुद्ध दाधीच ने भी अपनी विशेष सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने मरीजों को जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों की जकड़न, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटनों की समस्या एवं ऑपरेशन के बाद पुनर्वास (रिहैब) संबंधी परामर्श एवं उपचार दिया। मरीजों को सही व्यायाम, दर्द प्रबंधन तथा शीघ्र रिकवरी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। शिविर में मरीजों को फ्री परामर्श, बीपी एवं शुगर जांच, दवाइयां तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने अस्पताल प्रबंधन की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर आयोजित करने की अपेक्षा जताई। शिविर में रूपाणा धाम महंत पवन महाराज समेत भीमसरिया परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता 21-22 अप्रैल को झुंझुनू में

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनू।**

जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 22 अप्रैल तक योगी स्टेडियम, झुंझुनू में किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष आकाश योगी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले भर से लगभग 200 खिलाड़ी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 21 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे तक अपना नामांकन करवा सकते हैं। नामांकन के समय खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। आकाश योगी ने आगे बताया कि प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित होंगे। इस आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## झड़ाया बालाजी मंदिर के पास 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

**ध्वज पूजन पर होंगे कई गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग उपस्थित- मदनलाल भावरिया**

### 25 अप्रैल को यज्ञ स्थल पर होगी ध्वज की पूजा अर्चना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर मीणा ।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर 17 जून से 25 जून तक आयोजित होने वाले 108 कुडीय श्रीराम महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है द्य यज्ञ की तैयारी को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव व ढाणी ढाणी में पीले चावल बांटकर लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं द्य झड़ाया बजरंग धाम आश्रम के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज एवं यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता सुमेर सिंह राव को जानकारी देते हुए बताया कि 25 अप्रैल को यज्ञ की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए यज्ञ स्थल पर विद्वान पंडितो द्वारा भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित करवाया



जाएगा द्य मंदिर के महंत सीताराम दास जी महाराज ने बताया कि 16 जून को पचलंगी से झड़ाया धाम तक हजारों की तादाद में महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी द्य इस दौरान सेवानिवृत्ति पीटीआई भगवान सहाय यादव, समाजसेवी महेंद्र तेतरवाल, यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया , मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़, विकास जांगिड़ सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# सिंघाना में किन्नर समाज द्वारा भव्य काली माता जागरण, भजनों व झांकियों ने बांधा समा

### गोरक्षकों का हुआ सम्मान, सनम बाई किन्नर बोलीं— 'आप सब ही मेरा परिवार '

**भीम प्रज्ञा न्यूज़ सिंघाना।**

सिंघाना कस्बे में किन्नर समाज द्वारा आयोजित काली माता के भव्य जागरण में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक भजन एवं आकर्षक झांकियों की प्रस्तुतियों ने देर रात तक श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। जागरण का आयोजन सनम बाई किन्नर द्वारा जजमानों की खुशहाली एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया गया। कार्यक्रम के दौरान सनम बाई ने भावुक होते हुए कहा कि 'आप सभी मेरे परिवार हैं, मेरा अब कोई और नहीं है।' उन्होंने यह भी घोषणा की कि जिन गरीब कन्याओं के विवाह में सहायता की आवश्यकता हो या जिनके भाई नहीं हैं, वे उन्हें सूचना दें—वे स्वयं भात भरने एवं विवाह में सहयोग



करने का कार्य करेंगी।कार्यक्रम में झुंझुनूं एवं नीमकाथाना जिले के गोरक्षकों का सम्मान भी किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें राजू हाजी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय पांडे, नौरंग डांगी, महावीर यादव, ठेकेदार रंजीत, कामधेनु सेना के बजरंग सैनी, मुन्ना राजोरा, रामनिवास, रामेश्वर राजोरा, इंद्राज राजोरा, सूबेदार रमेश भोल्याण, विजय मिस्त्री, सिकंदर, सत्यवीर मान सहित पाटन क्षेत्र के किन्नर समाज के अध्यक्ष व अन्य प्रतिनिधि शामिल रहें। पूजा-अर्चना का संचालन पंडित मनोज शर्मा द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन जयंत खाखरा ने किया। जागरण में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों की उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग का भी संदेश देने में सफल रहा।

# एक जमीन, दो पट्टे... आखिर सच की हुई जीत

## सालो पुराने विवाद पर दौसा कलेक्टर की सख्त मुहर, निगरानी की खारिज

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।

**मनोज खंडेलवाल ।** जिले के मंडावर नगरपालिका क्षेत्र की भूमि पर दो-दो पट्टों के खेल ने आखिरकार प्रशासनिक दरबार में दम तोड़ दिया और सच की राह ने एक बार फिर अपनी ताकत दिखा दी। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, दौसा के पीठासीन अधिकारी व दौसा जिला कलेक्टर ने बहुचर्चित निगरानी याचिका संख्या 17/2024 में स्पष्ट और सख्त फैसला सुनाते हुए लक्ष्मीनारायण तिवाड़ी की ओर से दायर निगरानी को 'बलहीन और तथ्यहीन' करार देते हुए खारिज कर दिया है, वहीं पंचायत समिति महवा की प्रशासन एवं स्थाई समिति द्वारा 5 मार्च 2024 को पारित आदेश को पूरी तरह विधिसम्मत ठहराया है। गांव मंडावर के किला स्कूल के पास बोराडा कुएं के आसपास की इस जमीन पर विवाद की जड़ वर्ष 1980 में जारी हुए पहले पट्टे से जुड़ी है, जब धापा देवी के नाम 42म33 फुट का पट्टा विधिवत जारी हुआ था। लेकिन वर्ष 2002 में उसी स्थान पर लक्ष्मीनारायण तिवाड़ी के नाम नया पट्टा जारी कर दिया गया और हैरानी की बात यह रही कि इस बार जमीन का आकार बढ़ाकर लगभग 61म33 फुट कर दिया गया। यहीं से शुरू हुआ विवाद वर्षों तक अपील, निगरानी और न्यायालयी लड़ाई के रास्तों से गुजरता हुआ आखिरकार दौसा कलेक्टर कोर्ट तक पहुंचा। निगरानीकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि पंचायत समिति ने बिना विधिवत सुनवाई और साक्ष्यों के परीक्षण के आदेश पारित कर दिया, जबकि ग्राम पंचायत ने पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए पट्टा जारी किया था और संबंधित भूमि पर लंबे समय से मकान भी बना हुआ है। यह भी कहा गया कि पूर्व पट्टे को विधिवत सरेण्डर कर नया पट्टा जारी किया गया, लेकिन अधीनस्थ न्यायालय ने इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया।

दूसरी ओर गैर-निगरानीकार रामबाबू शर्मा की ओर से प्रस्तुत बहस में पूरे मामले को नियमों की खुली अनदेखी बताते हुए आरोप लगाया गया कि पुराने पट्टे के रहते हुए ही नया पट्टा जारी किया गया और जमीन का आकार बढ़ाकर आम रास्ते की भूमि तक को शामिल कर लिया गया। आपत्ति नोटिस की प्रक्रिया अधूरी बताई गई, मौका रिपोर्ट में खामियां गिनाई गईं और यहां तक कहा गया कि फैसले के बाद स्टाम्प खरीदा गया, जो पूरे प्रकरण को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। यह भी सामने आया कि पूर्व पट्टे के समर्पण की कोई विधिवत प्रक्रिया नहीं अपनाई गई और दस्तावेजों में गंभीर विरोधाभास मौजूद हैं। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों, अभिलेखों और पूर्व आदेशों का गहन परीक्षण करते हुए साफ माना कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2002 में जारी पट्टा, पूर्व पट्टे के विधिवत समर्पण के बिना और भूमि क्षेत्र बढ़ाकर जारी किया गया, जो पंचायती राज नियमों के प्रतिकूल है। आदेश में स्पष्ट कहा गया कि पंचायत समिति महवा का 5 मार्च 2024 का निर्णय साक्ष्यों और विधिक प्रावधानों पर आधारित है और उसमें हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता। फैसले के साथ ही न्यायालय ने यह संदेश भी साफ कर दिया कि 'कानून की किताब में जुगाड़ की कोई जगह नहीं होती, जहां नियम टूटते हैं वहां अधिकार खुद-ब-खुद बिखर जाते हैं।' इस निर्णय के बाद अब मामला केवल कागजों तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि अप्रार्थी पक्ष ने नगरपालिका प्रशासन को शिकायत भेजकर मौके पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की भी मांग की है, जिससे आने वाले दिनों में प्रशासनिक कार्रवाई की संभावना और बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र में इस फैसले की गूंज दूर तक सुनाई दे रही है, जहां लोग इसे न्याय की सख्त और निष्पक्ष तस्वीर के रूप में देख रहे हैं। जैसा कि कहा जाता है– 'सच की राह में कांटे भले हजार हों, मगर मंजिल उसी की होती है जो डगमगाता नहीं।' दौसा कलेक्टर कोर्ट के इस फैसले ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देर भले हो जाए, लेकिन जब फैसला आता है तो वह न केवल विवाद सुलझाता है बल्कि व्यवस्था में भरोसे की नई नींव भी खड़ी कर देता है।

## नीमराना में परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन, उमड़ा आस्था का सैलाब

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद ।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को नीमराना कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया। शोभायात्रा रविवार शाम 5:30 बजे बावड़ी रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई भगवान परशुराम पार्क स्थित सती माता मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। कार्यक्रम महंत अनिल पुरोहित (सिद्ध सेवा धाम, मांडण) एवं महंत मणिगिरी महाराज (बाबा शिव स्वरूप आश्रम, नीमराना) के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां, भजन-कीर्तन और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। परशुराम जयंती के अवसर पर एक से बढ़कर एक मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। समस्त ब्राह्मण समाज, नीमराना के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में क्षेत्र के लोगों ने सपरिवार भाग लिया जयंती के अवसर पर नीमराना के पूर्व सरपंच सतीश फौजी, अशोक मुद्गल, अजीत जोशी, लोकेश भारद्वाज, एडवोकेट ममता शर्मा, गुलशन भारद्वाज, संतोष भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मंडावा में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, वैदिक मंत्रों के साथ हुआ पूजन-अर्चन

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा ।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाए जाने वाले अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मंडावा में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुकुंदगढ़ रोड स्थित निराश्रित कामधेनु गौशाला परिसर में किया गया, जहां भक्तिमय माहौल के बीच धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर गौमाताओं को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर सेवा की गई। पंडितों द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए और समाज की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जो अपने पराक्रम, धर्मनिष्ठा और न्यायप्रियता के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अन्याय और अधर्म के खिलाफ संघर्ष कर समाज में धर्म की स्थापना की। उनका जीवन हमें सत्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर डॉ. राधारमण शर्मा, संदीप शर्मा, नरेश मिश्रा, नवल किशोर, भरत, प्रकाश स्वामी, गोपाल, हिमांशु, राकेश स्वामी, पंकज पशुपति शर्मा, सुरेन्द्र सुरोलिया, सत्यनारायण इंदौरिया, अनूप शर्मा, अंकित शर्मा, कैलाश शर्मा, रवि मिश्रा, बाबूलाल शर्मा (पत्रकार), पवन शर्मा (पत्रकार), सुरेन्द्र शर्मा, बाबू माथुर, करण शर्मा, पंकज पालड़ीवाला, बलदेव थलिया, सुभाष बावलिया, पवन जोशी, रविंद्र शर्मा सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज में एकता, भाईचारे और धार्मिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## आर्य पब्लिक स्कूल नीमराना का वार्षिकोत्सव 'अभ्युदय-2026' धूमधाम से सम्पन्न, प्रतिभा और संस्कृति का हुआ संगम

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।




**रमेशचंद ।** आर्य पब्लिक स्कूल, नीमराना का वार्षिक उत्सव 'अभ्युदय-2026' शनिवार को विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर अनिल कुमार (राजकीय महाविद्यालय बहरोड़) एवं अध्यक्ष महंत शंकरनाथ (आश्रम जोशीहोड़ा, नीमराना) द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में लेखक प्रीतम सिंह, ACTO भिवाड़ी, करम सिंह यादव (UCEEO नीमराना), जसवंत यादव (उपाध्यक्ष, नगर पालिका नीमराना) और दारा सिंह यादव (प्राचार्य, GSSS दौलत सिंहपुरा) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का साफा और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह- शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। नन्हे बच्चों ने स्वागत गीत, राजस्थानी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, योग प्रदर्शन और लघु नाटिका के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर आधारित नाटिका को विशेष सराहना मिली। अध्यक्ष महंत शंकरनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या के साथ संस्कार और अनुशासन जीवन की वास्तविक पूंजी हैं। उन्होंने बच्चों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर लेखक प्रीतम सिंह यादव की पुस्तक 'बेखौफ परिंदे' का विमोचन भी किया गया। विद्यालय चेयरमैन राजवीर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के समन्वय से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया और पूरे स्टाफ व विद्यार्थियों को वार्षिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

मुख्य अतिथि अनिल कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और संस्कारों के विकास का माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान वर्ष भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## नीमराना में भारतीय शिक्षण मंडल का दो दिवसीय आवासीय 'परिचायक वर्ग' सम्पन्न, शिक्षा में भारतीय मूल्यों की पुनर्स्थापना का लिया संकल्प

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद ।** भारतीय शिक्षण मंडल की जयपुर प्रांत इकाई द्वारा राव सोहनलाल पी.जी. महाविद्यालय, नीमराना में आयोजित दो दिवसीय आवासीय 'परिचायक वर्ग' का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन सत्र 'मुक्त चर्चा, जिज्ञासा समाधान एवं समापन' के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें जयपुर प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन समारोह की अध्यक्षता वर्गाधिकारी प्रो. ओ.पी. पारीक एवं प्रांत सह मंत्री डॉ. नीलम पूनार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्येय श्लोक, ध्येय वाक्य और एकल गीत से हुआ, जिसे प्रतिभागियों ने स्वयं प्रस्तुत किया। द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रातः योग साधना और एकात्मता स्तोत्र के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजित विभिन्न सत्रों में शिक्षा और संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न सत्रों में हुआ गहन मंथन प्रथम सत्र में प्रो. ओ.पी. पारीक ने 'भारतीय शिक्षा दर्शन और शिक्षा में भारतीयता' विषय पर मार्गदर्शन देते हुए भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को केवल रोजगार का साधन न मानकर चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का आधार बनाना होगा। द्वितीय सत्र में डॉ. नीलम पूनार और डॉ. गुरेंद्र नाथ भारद्वाज ने संगठन की कार्यप्रणाली, गतिविधियों और कार्य विभाजन की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार और कार्य की रूपरेखा से अवगत कराया। तृतीय सत्र में डॉ. जयसिंह ने 'उत्सव, कार्य पद्धति एवं मंडल संकल्पनाः 5+5+5+5' विषय पर विचार रखे। उन्होंने संगठन की संरचना और कार्यशैली को स्पष्ट करते हुए इसे जमीनी स्तर तक ले जाने पर जोर दिया। चतुर्थ सत्र 'प्रस्तुति मंडल' में डॉ. शक्ति सिंह और डॉ. नवीन कुमार जोशी ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और उनके द्वारा तैयार की गई प्रस्तुतियों पर चर्चा की। ज्ञान को जीवन में उतारें" : प्रो. ओ.पी. पारीक समापन उद्बोधन में प्रो. ओ.पी. पारीक ने कहा कि यह वर्ग केवल जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जीवन में उतारना ही इसका उद्देश्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शिक्षा में भारतीयता को स्थापित करने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। डॉ. नीलम पूनार ने प्रतिभागियों से प्राप्त ज्ञान और अनुभव को अपने जिलों में ले जाकर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की अपील की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कौशल कुमार यादव ने ऐसे आयोजनों को भारतीय शिक्षा दर्शन से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बताया, वहीं प्रबंध निदेशक नीरज सिंह यादव ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय मूल्यों की पुनर्स्थापना हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। समापन संगठन गीत और कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

## फतेहाबाद जिला में स्व-गणना प्रक्रिया में भागीदार बन रहे आमजन, 30 अप्रैल तक कर सकते हैं स्व गणना : डीसी

### डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा-1 से 31मई तक चलेगी घर-घर सत्यापन प्रक्रिया

### गोपनीय रहेगा आपका डेटा, स्व-गणना में भाग लेने की प्रशासन की अपील

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**विजय रंगा ।** जिला फतेहाबाद में स्व-गणना प्रक्रिया में आमजन सक्रिय रूप से भागीदार बन रहे हैं और यह प्रक्रिया 30 अप्रैल 2026 तक संचालित की जाएगी, जिसके माध्यम से नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे, जो डिजिटल शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जानकारी डीसी डॉ. विवेक भारती ने दी। डीसी ने बताया कि स्व गणना के उपरांत आगामी 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। डीसी ने जिला के सभी नागरिकों को स्व गणना प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया है।

**-स्व-गणनाः डिजिटल शासन की ओर एक कदम-** डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि स्व गणना प्रक्रिया सुविधा हरियाणा के सभी जिलों में उपलब्ध रहेगी और नागरिक इसे मोबाइल, टैबलेट अथवा कंप्यूटर के माध्यम से कहीं से भी उपयोग कर सकेंगे। पंजीकरण के दौरान नागरिकों को मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करना होगा, डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करना होगा तथा परिवार के सभी सदस्यों, आवास की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित जानकारी दर्ज करनी होगी। जानकारी जमा करने के बाद उन्हें एक यूनिक एसई आईडी प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग बाद में गणनाकर्मियों द्वारा सत्यापन के समय किया जाएगा।

**-जनगणना के दौरान नागरिकों से एकत्र की जाने वाली जानकारियां-** डीसी ने बताया कि स्व-गणना प्रपत्र में लगभग 33 प्रश्न शामिल होंगे, जिनमें परिवार के सदस्यों का विवरण, मकान का प्रकार (ग्रामीण/शहरी), पेयजल, बिजली, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं, शिक्षा एवं सामाजिक-आर्थिक जानकारी तथा मोबाइल नंबर (अनिवार्य) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया की एक विशेषता यह है कि इसमें किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ की आवश्यकता नहीं होगी और यह शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए समान रूप से लागू है। एकत्र किए गए आंकड़े जिला स्तर की योजनाओं एवं राज्य के विकास कार्यक्रमों के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर लक्ष्य निर्धारण में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना में इंटरनेट एवं स्मार्टफोन के उपयोग, टीवी, रेडियो, कंप्यूटर/लैपटॉप और वाहन (साइकिल, मोटरसाइकिल, कार) जैसी आधुनिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी भी शामिल की जाएगी, जिससे डिजिटल कनेक्टिविटी और जीवन स्तर का अधिक सटीक आकलन संभव हो सकेगा। उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया गया है कि उनके द्वारा प्रदान की गई सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय एवं विकासात्मक उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। डीसी ने जिला के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आगामी 30 अप्रैल 2026 के बीच स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें, ताकि राज्य की बेहतर योजना निर्माण, सेवा वितरण में सुधार और समग्र विकास को गति दी जा सकें।

## फतेहाबाद पुलिस का नशा तस्करों पर प्रहारः 16.31 ग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

### सीआईए टोहाना की टीम ने भूना के मॉडल टाउन क्षेत्र में की बड़ी कार्यवाही –तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/भूना।



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे 'विशेष अभियान' के तहत अपराध अनुसंधान शाखा (सीआईए) टोहाना की टीम ने एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामनिवास उर्फ काला पुत्र राजेश कुमार, निवासी नजदीक रामलीला ग्राउंड, वार्ड 11, भूना के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरिक्षक अशोक ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम कल शाम गश्त के दौरान भूना-उकलाना रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि रामनिवास उर्फ काला अपनी मोटरसाइकिल पर हेरोइन सप्लाई करने के लिए मॉडल टाउन स्थित जैन मंदिर वाली गली के पास खड़ा है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत छापेमारी की और घेराबंदी कर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया व तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 16.31 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) पाई गई। थाना भूना में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21B, 61, 85 के तहत मुकदमा नंबर 88/2026 दर्ज कर गिरफ्तार किया गया । आरोपी से पुछताछ कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

## फतेहाबाद पुलिस का 'क्रिकेट सट्टेबाजों' पर बड़ा एक्शनः होटल में आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते दो आरोपी काबू

### सीआईए टोहाना की टीम ने 'पिंक स्टोन होटल' में रेड कर ऑनलाईन क्रिकेट बुक का किया पर्दाफाश

### गुजरात टाइटंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच पर लग रहा था दांव; 5 स्मार्ट फोन और सट्टे का हिसाब-किताब बरामद

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



फतेहाबाद पुलिस द्वारा जुआरियों और सट्टेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध अनुसंधान शाखा (सीआईए) टोहाना ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शहर के एक होटल में दबिश देकर आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते हुए दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अश्वनी सैनी उर्फ रौनी पुत्र कृष्ण लाल, निवासी बाजीगर मोहल्ला, टोहाना व अनिल पुत्र ओमप्रकाश, निवासी वार्ड नंबर 6, लकड़ मार्केट, टोहाना के रूप में हुई है । सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरिक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मिलन चौक के पास स्थित 'पिंक स्टोन होटल' में कुछ युवक क्रिकेट बुक (सट्टा) चला रहे हैं। सूचना के आधार पर नियमानुसार अनुमति लेकर होटल के कमरा नंबर 102 में छापेमारी की गई। मौके पर दो युवक लैपटॉप और मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिलवाते हुए पाए गए।पुलिस ने मौके से 5 मोबाइल फोन (जिसमें आईफोन 14 प्रो और रियल मी जैसे महंगे फोन शामिल हैं), 2 रजिस्टर (जिनमें सट्टे का करोड़ों का हिसाब लिखा था), एक कैलकुलेटर और पेन बरामद किया है। आरोपी ' स्पीडी स्ट्रीमिंग' नामक ऐप के जरिए गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच पर लोगों को अधिक पैसा कमाने का लालच देकर सट्टा लगवा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर टोहाना में दी हरियाणा परेवेशन आफ गैमलिंग एक्ट की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा नंबर 109/2026 दर्ज कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है वा माल मुकदमा को थाना मालखाना मे जमा कराया गया । आरोपियों से पुछताछ कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी । मामले की जाँच जारी है । पुलिस की कड़ी चेतावनीःएसपी ने स्पष्ट किया है कि आईपीएल सीजन के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। सट्टा न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह कई परिवारों को आर्थिक रूप से बर्बाद कर देता है। पुलिस ऐसे होटलों और ठिकानों पर लगातार निगरानी रखे हुए है।

## फतेहाबाद में श्री ब्राह्मण सभा द्वारा हवन-यज्ञ के साथ मनाया गया भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ ) ।** श्री ब्राह्मण सभा, फतेहाबाद द्वारा भगवान श्री परशुराम मंदिर, फतेहाबाद में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर विशाल हवन-यज्ञ का भव्य एवं श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जो आदरणीय पं. चरणजीत शर्मा (भंडारे वाले बाबा जी) के कर-कमलों द्वारा संपन्न किया गया। इसके उपरांत सभा के संयुक्त सचिव श्री रविकांत शर्मा के परिवार एवं उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा विधि-विधानपूर्वक हवन-यज्ञ संपन्न कराया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर भगवान श्री परशुराम जी से समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति की कामना की। हवन-यज्ञ के पश्चात सभा द्वारा मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आसपास के क्षेत्र के निवासियों को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। सभा के सचिव श्री रोहताश शर्मा व सह सचिव रवि कान्त शर्मा ने जनाकारी बताया की इस पावन अवसर पर सभा के प्रधान श्री राजेंद्र शर्मा, उप-प्रधान श्री बजरंग शर्मा, सचिव श्री रोहताश शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री श्रवण शर्मा, रविकांत शर्मा सह सचिव, पं. चरणजीत शर्मा, श्री राम निवास शर्मा (पूर्व प्रधान), श्री जे.आर. शर्मा, एडवोकेट अजय शर्मा, डॉ. सीता राम शर्मा, हरीश शर्मा, परमजीत शर्मा, प्रो. आर.के. कौशिक, एडवोकेट विकास शर्मा, डॉ. अजय, विकास सारस्वत, डॉ. दिलीप अहलिसदार, अंकित शर्मा, डॉ. नीरज शर्मा, विजेन्द्र शर्मा, सुनील शर्मा, बलवंत शर्मा, विजय सारस्वत, गौरव शर्मा, लक्ष्य शर्मा, सुभाष शर्मा, प्रदीप शर्मा (मैनेजर), भूप शर्मा, दुष्यंत शर्मा, यशपाल शर्मा, राम निवास जी सरवरपुरम, अश्वनी शर्मा, सत्य परकाश शर्मा ढांड, राजेश पराशर, शिव कुमार शर्मा सहित शहर एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर भगवान श्री परशुराम जी के चरणों में शीश नवाया तथा एक-दूसरे को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने समाज को एकता एवं संस्कारों के सूत्र में बांधने का कार्य किया। सभा ने अंत में सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं आयोजकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# आईपीएल में आज होगा गुजरात और मुम्बई का मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** (ईएमएस)। गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। शुभमन गिल की कप्तानी में उतर रही गुजरात ने शुरुआती झटकों से वापसी करते हुए पिछले तीन मैचों में शानदार जीत हासिल की है। जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम के पास बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्श और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज जबकि गेंदबाजी मे प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा राशिद खाना जैसे गेंदबाज हैं। दूसरी ओर हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा है। जिससे टीम दबाव में है और वह किसी भी हाल में इस मैच में जीत चाहेंगी। टीम की बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी है जिसे उसे दूर करना होगा। अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा चोटिल होने के कारण ये मैच नहीं खेल पायेंगे। ऐसे में टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। टीम के पास सूर्यकुमार याद जैसे बल्लेबाज और जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी उसका अब तक का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। अपने पिछले पांच मैचों में से चार हारी है। वह घरेलू मैदान में गुजरात टाइटंस का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। यहां उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए चारों मैच जीते हैं, जिससे इस मुकाबले में गुजरात को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। अब तक दोनो के बीच 5 मुकाबले हुए हैं जिसमें से 5 गुजरात जबकि 3 मुम्बई ने जीते हैं।

इस मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए अच्छी है। ऐसे में यहां बड़ा स्कोर बनना तय है। यहां का औसत स्कोर 200 के करीब है।




### टीम इस प्रकार है

**गुजरात टाइटंस**
शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, अशोक शर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा

**मुंबई इंडियंस**
हार्दिक पांड्या (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, शेरफेन रदरफोर्ड, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह

# चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर का कार्यकाल बढ़ा सकती है बीसीसीआई



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कार्यकाला बढ़ाया जाना तय नजर आता है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई साल 2027 एकदिवसीस विश्वकप को देखते हुए अगरकर का करार एक साल बढ़ा सकती है। अगरकर का कार्यकाल इसी साल जून में समाप्त होने वाला है। बोर्ड का मानना है कि विश्वकप से पहले चयन समिति में कोई बदलाव नहीं होना चाहिये। बीसीसीआई अगरकर की उपलब्धियों से भी संतुष्ट है। उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 विश्वकप के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। वहीं टीम 2023 एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी।

बोर्ड के एक अधिकारी के अनुसार अगरकर के कार्यकाल में टीम में तेजी से बदलाव हुआ और कई कठिन फैसले बिना किसी दबाव के लिए गये। जिससे बोर्ड प्रभावित है।

ऐसे में बोर्ड के अंदर सभी चाहते हैं कि विश्वकप से पहले चयन समिति में बदलाव ठीक नहीं रहेगा।

वहीं कप्तान सूर्यकुमार का पद खतर में है। सूर्या ने टीम को जीत दिलायी है पर रन नहीं बनाये हैं, ऐसे में उनकी बल्लेबाजी को लेकर बोर्ड संतुष्ट नहीं है।

ऐसे में जून-जुलाई में होने वाले इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे में सूर्यकुमार को हर हाल में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह दौरा तय करेगा कि उन्हें 2028 तक टीम की योजनाओं में शामिल रखा जाएगा या नहीं। खासकर उनकी बल्लेबाजी पर ज्यादा नजर रहेगी।

# क्लासेन ऑरेन्ज कैप, कंबोज पर्पल कैप की रेस में नंबर एक पर पहुंचे

**चेन्नई (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ हुए मैच के बाद आईपीएल के इस 19 वें सत्र में सबसे अधिक रन बनाकर ऑरेंज कैप की दौड़ में पहले नंबर पर पहुंच गये हैं, वहीं सबसे अधिक विकेट के मामले में सीएसके के युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज नंबर एक पर पहुंचने के साथ ही पर्पल कैप के दावेदार बन गये हैं। बल्लेबाजी की बात करें तो क्लासेन ने इस मैच में 59 रनों की पारी खेलकर अब तक सत्र में सबसे अधिक रनों के मामले में गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल और आरसीबी के विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए नौ विकेट पर 194 रन बनाए।

क्लासेन के अब 6 मैचों में 283 रन हो गये हैं। वहीं शुभमन ने 4 मैचों में 251 रन बनाए हैं जबकि विराट के नाम 6 मैचों में 247 रन हैं। वहीं आरसीबी के रजत पाटीदार ने 6 मैचों में 230 रन बनाए हैं जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन ने 6 मैचों में 213 रन बनाए हैं।



दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके के गेंदबाज अंशुल कंबोज इस मैच के साथ ही सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। कंबोज इसी के साथ ही पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष पर पहुंच गये हैं।

कंबोज ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में अच्छी गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिए। इसी के साथ ही उन्होंने प्रसिद्द कृष्णा को पीछे छोड़ा। कंबोज के अब कुल 13 विकेट हो गये हैं जबकि कृष्णा के नाम 11 विकेट हैं। अंशुल ने 6 मैचों में 13 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार ने 6 मैच में 10 विकेट जबकि प्रिंस यादव ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए हैं। एक समय शीर्ष पर चल रहे रवि बिश्नोई अब काफी पीछे हो गये हैं। उनके नाम पर 8 हैं।

# आईपीएल2026 : रिंकू सिंह का अर्धशतक, केकेआर ने राजस्थान को हराकर पहली जीत दर्ज की

**कोलकाता (एजेंसी)।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद रिंकू सिंह (नाबाद 53) और अनुकूल रॉय (नाबाद 29) रनों की पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को दो गेंदें शेष रहते राजस्थान रॉयल्स (RR) चार विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। यह 7 मैचों में चयक्रकी पहली जीत है। 85 रन पर छह विकेट गंवा चुकीचयक्रको रिंकू सिंह और अनुकूल रॉय की जोड़ी ने 19.4 ओवरों में 161 रन बनाकर चार विकेट से जीत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच 76 रनों की अविजित साझेदारी हुई।

156 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी KKR की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहली ही गेंद पर टिम साइफर्ट और दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर कप्तान अजिंक्या रहाणे को बिना खाता खोले ही विकेट गंवा दिये। पांचवें ओवर में KKR का तीसरा विकेट कैमरन ग्रीन 13 गेंदों में (27) रन के रूप में गिरा। सातवें ओवर में अंगकृष रघुवंशी (10) रन बना कर पवेलियन लौट गये। रोवमन पॉवेल 20 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। 14वें ओवर में रमनदीप सिंह (10) रन बनाकर छठें विकेट के रूप में आउट हुए।

संकट के समय रिंकू सिंह और अनुकूल रॉय ने संभला और रन बटोरे और दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को टूर्नामेंट में पहली जीत दिलाई। रिंकू सिंह ने बृजेश शर्मा की गेंद पर विजयी छक्का लगाया। रिंकू सिंह ने 34 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 53 रन बनाये। वहीं अनुकूल रॉय 16 गेंदों 29 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का भी लगाया। ऋक्रके लिए रवींद्र जडेजा ने दो विकेट लिये।



जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और यश पुंजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर RR ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़कर राजस्थान रॉल्यस को अच्छी शुरुआत दिलाई। नौवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने वैभव सूर्यवंशी को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। वैभव सूर्यवंशी ने 28 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 46 रन बनाये। 11वें ओवर में वरुण ने ध्रुव जुरेल (पांच) का शिकार कर लिया। अगले ओवर में सुनील नारायण ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर RR को बड़ा झटका दिया।

जायसवाल ने 29 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। इसके बाद KKR के गेंदबाजों ने ऋक्रके लगातार विकेट झटकते हुए उनके रन बनाने पर विराम लगा दिया। कप्तान रियान पराग (12) को भी वरूण चक्रवर्ती ने आउट किया। डॉनोवन फ़रेरा (सात) का सुनील नारायण ने शिकार किया। रवींद्र जडेजा (नौ) और रवि बिश्नोई (शून्य) को कार्तिक त्यागी ने आउट किया। RR ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 155 रनों का स्कोर बनाया। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कार्तिक त्यागी और वरुण चक्रवर्ती ने तीन- तीन विकेट लिये। सुनील नारायण को दो विकेट मिले।


# सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको को हराकर कोपा डेल रे का खिताब जीता



सेविले (स्पेन) । रियाल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज़ के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा, 'यह अविश्वसनीय सफर रहा है और मुझे लगता है कि यह तो बस शुरुआत हो सकती है।'

# रुतुराज ने सनराइजर्स से हार के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया

हैदराबाद। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल में लगातार दूसरी हार पर निराशा जतायी है। सीएसके को सनराइजर्स के खिलाफ हुए मुकाबले में 10 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। रुतुराज ने हार के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार बताया है। इस मैच में 195 रनों के लक्ष्य की पीछा करते हुए सीएसके की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन ही बना पाई. रुतुराज ने कहा कि हमारी टीम के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन किया पर मध्यक्रम के अच्छी शुरुआत का लाभ नहीं ले पाये। उन्होंने कहा, 'जिस प्रकार से सनराइजर्स ने बल्लेबाजी की उससे लगा कि वे पावरप्ले में 220 से 230 रन बना सकते हैं पर वह उससे करीब 30 रन बना पाये। इससे साफ है कि गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाई। हम उनको उम्मीद से करीब 30 रन कम पर रोकने में सफल रहे। 200 से कम का स्कोर हम हासिल कर सकते थे।' इस मैच में सीएसके की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए संभल नहीं पायी। बीच-बीच में विकेट गिरने से टीम की रन गति पर अंकुश लगा रहा। इस कारण उसे अंतिम ओवरों में जीत के लिए काफी रन बनाने थे। सीएसके की टीम 8 विकेट पर 184 रन ही बन पायी। सीएसके के कप्तान ने कहा कि पारी के बीच में ही रनगति कम होने से मैच हमारे हाथ से निकल गया। उन्होंने कहा, 'अंतिम 10 ओवर में 80 रन चाहिए थे। वहां से दो-तीन साझेदारियां बनती तो टीम जीत के करीब पहुंचती पर ऐसा नहीं हुआ। पिछले तीन मैचों से गेंदबाजी यूनिट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। आज भी पावरप्ले में सनराइजर्स के अभिषेक ने अच्छी बल्लेबाजी की पर हमारे गेंदबाजों ने उसे खुलकर खेलने नहीं दिया। उन्होंने विशेष रुप से अंकुल कम्बोज की गेंदबाजी को सराहा।



# श्रेयस अय्यर को टी20 टीम में जगह न मिलना भारत का नुकसान होगा: रविचंद्रन अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने चयन समिति को एक स्पष्ट संदेश भेजा है, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर श्रेयस अय्यर को भारत की टी20 टीम में शामिल नहीं किया जाता है तो यह देश का बड़ा नुकसान होगा। अय्यर ने भारत के लिए आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था और उसके बाद से उन्हें इस फॉर्मेट में नजरअंदाज किया जा रहा है। यहां तक कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्हें तिलक वर्मा के रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था, लेकिन प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला।

आईपीएल में लगातार दमदार प्रदर्शन कर रहे श्रेयस अय्यर की वकालत अश्विन ने एक बार फिर की है, साथ ही उन्हें लीडरशिप रोल के लिए भी उपयुक्त बताया है। अय्यर ने 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाया था और पिछले साल पंजाब को फाइनल तक पहुंचाया था, जबकि इस साल भी उनकी टीम अभी तक अजेय है। अश्विन का यह बयान मुंबई इंडियंस के खिलाफ अय्यर की 35 गेंदों में 66 रनों की कहर बरपाती पारी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने जसप्रीत बुमराह के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी की। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, उन्हें किसी को जवाब क्यों देना चाहिए? अपने अंदर की आग को बाहर निकालकर, श्रेयस ने सबको दिखा दिया है कि बेहतरीन होना कैसा होता है। उन्होंने आगे कहा कि लोग लगातार सवाल उठाते थे कि वह शॉर्ट बॉल नहीं खेल पाते, लेकिन देखिए उन्होंने जसप्रीत बुमराह को कैसे जवाब दिया, एक शॉर्ट बॉल को फ्रंट प्रेस से मिड-विकेट के ऊपर से छक्का मारकर भेज दिया।



अश्विन ने बताया कि उस समय वह ऑन एयर थे और यह सच में अविश्वसनीय था। उन्होंने कहा कि अय्यर ने चेन्नई के खिलाफ चेपॉक में अपने पहले ही गेम में ऐसा ही शॉट खेला था, जो उनका यह कहने का तरीका है कि तुम चाहते हो कि मैं साबित करूं कि मैं शॉर्ट बॉल खेल सकता हूं? नहीं, मैं तुम्हें कुछ साबित नहीं करूंगा। इसके बजाय, वह खुद को दिखा रहे हैं कि वह कितना काबिल हो सकते हैं और कितना अच्छा करने के लिए मेहनत कर सकते हैं। अश्विन ने कहा कि उनके जैसे क्रिकेटरों को देखकर उन्हें प्रेरणा मिलती है, क्योंकि उन्होंने पूरी ज़िंदगी खुद से यही कहा है- किसी को जवाब मत दो; बस आगे बढ़ते रहो।

अश्विन ने राष्ट्रीय टी20 टीम में अय्यर की वापसी की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि अगर वह टीम से बाहर रहते हैं और उन्हें लीडरशिप रोल नहीं दिया जाता है, तो नुकसान देश का होगा, खिलाड़ी का नहीं। अश्विन ने कहा कि उनकी रेंज और उनके लीवर्स जबरदस्त हैं; वह शॉट के जरिए गेंद को दूर तक भेजते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि श्रेयस अय्यर को नजरअंदाज करना अपने लिए ही खतरा है। अगर वह टीम में नहीं हैं या लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा नहीं हैं, तो नुकसान उनका नहीं, हमारा होगा।

## आईपीएल में किसी एक स्थल पर 100 मैच खेलने वाली पहली टीम बनी आरसीबी

बेंगलुरू। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने आईपीएल में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आरसीबी किसी एक स्थल पर 100 मैच खेलने वाली पहली टीम बन गयी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले के साथ ही उसने अपना 100 मैच किसी एक स्थल पर खेला। इस प्रकार से आरसीबी आईपीएल इतिहास में किसी एक वेन्यू पर 100 मैच खेलने वाली पहली टीम बन गई है। चेन्नास्वामी के मैदान पर आरसीबी का यह 100वां मुकाबला था। इससे पहले किसी भी आईपीएल फ्रेंचाइजी ने एक वेन्यू पर 100 मैच नहीं खेले हैं। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर की टीम किसी एक स्थल पर सबसे अधिक मैच खेलने वाली दूसरी टीम है। केकेआर ने अपने घरेलू मैदान इडेन गॉर्डस पर अब तक 98 मैच खेले हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में आरसीबी के खिलाड़ी पर्यावरण संरक्षण का हवाला देते हुए हरी जर्सी पहनकर उतरे हैं। यह जर्सी वस्तुआओं को रीसाइकिल करके बनाई जाती हैं। आरसीबी 2011 से ही से हर सत्र में 1 मैच में हरी जर्सी पहनकर मैदान में उतरती है जिससे कि पर्यावरण बचाने का संकेत दे सके। आरसीबी ने साल 2011 से अब तक हरी जर्सी में कुल 15 मुकाबले खेले हैं, जिनमें से सिर्फ 5 मैच में ही जीत हासिल कर सकी है, जबकि 9 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच का परिणाम नहीं आया।

# धोनी की चोट पर सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने दिया अपडेट, वापसी की उम्मीद जताई



हैदराबाद (तेलंगाना)। चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 सीजन के दौरान महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर उम्मीद जताई है। यह पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभी तक IPL 2026 में नहीं खेल पाए है, क्योंकि वह पिंडली की चोट (calf strain) से उबर रहे हैं। हालांकि यह दाएं हाथ का बल्लेबाज नेट सेशन कर रहा है, लेकिन यह साफ नहीं है कि वह ष्टस्ञ्च की प्लेइंग 11 में कब वापसी करेंगे। शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 10 रन से हारने के बाद CSK के बैटिंग कोच हसी ने मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि धोनी रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और एक कोच के तौर पर वह उनकी बल्लेबाजी से संतुष्ट हैं। हसी ने कहा, 'वह अपने रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। और देखिए, मैं एक बैटिंग कोच हूं और मैं खुश हूं कि वह किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं।' हसी ने कहा कि धोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और वह उनकी फॉर्म से संतुष्ट हैं। हसी ने बताया कि धोनी के ठीक होने का मुख्य मकसद दौड़ने की फिटनेस और गति को बेहतर बनाना है, खासकर पारी के आखिरी ओवरों में विकेटों के बीच तेजी से रन बनाने के लिए। हसी ने कहा कि उन्हें धोनी की वापसी की सही तारीख तो नहीं पता, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द ही वापसी करेंगे। CSK के बैटिंग कोच ने कहा, 'जैसा कि आपने कल ट्रेनिंग में देखा, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह अपनी बल्लेबाजी के मौजूदा स्तर से काफी खुश थे। वह अभी बस अपनी दौड़ने की क्षमता पर काम कर रहे हैं, क्योंकि अगर उन्हें पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करनी है, तो उन्हें दो रन और इस तरह के अन्य रन लेने के लिए तेजी से दौड़ना होगा। उन्हें बस अपनी दौड़ने की क्षमता पर भरोसा जगाने और अपनी गति बढ़ाने की जरूरत है। मुझे नहीं पता कि वह कब खेलेंगे, लेकिन मुझे उम्मीद है कि सभी फैंस की तरह मैं भी चाहता हूं कि वह जल्द से जल्द वापसी करें।'

# मैं विरोधियों के हाथों से मैच छीन सकता हूं : वैभव सूर्यवंशी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने खेल के प्रति अपने नजरिए और सीनियर लेवल पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की अपनी लंबी अवधि की महत्वाकांक्षा के बारे में आत्मविश्वास से भरा बयान दिया है। साथ ही उन्होंने दबाव वाली स्थितियों में मैच का रुख बदलने की अपनी क्षमता पर भी जोर दिया। सूर्यवंशी ने दूरदर्शन पर बोलते हुए क्रीज पर अपने माइंडसेट और अपने क्रिकेटिंग सफर के बारे में अपने परिवार के साथ हुई बातचीत पर बात की।

अपने आत्मविश्वास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जब भी वह क्रीज पर होते हैं, तो उनका ध्यान अपनी स्किल्स का इस्तेमाल करके खेल पर असर डालने पर ही रहता है। सूर्यवंशी ने कहा, 'मैं जितनी भी देर मैदान पर रहता हूं, जब तक मैं अपनी स्किल्स का इस्तेमाल करता हूं, हावी होकर खेलता हूं, तब तक मैं विरोधियों के हाथों से मैच छीन सकता हूं। मैंने अपने पिता से भी बात की। उन्होंने कहा कि मैंने उनका आधा सपना पूरा कर दिया है, लेकिन आधा अभी भी बाकी है। मुझे सीनियर भारतीय टीम के लिए वर्ल्ड कप खेलना है। जाहिर है कि हर खिलाड़ी का यही सपना होता है भारत के लिए खेलना और अपने देश, भारत के लिए जीतना। भारत के लिए मेरा यही लक्ष्य है।'

भारत के पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने सूर्यवंशी की स्वाभाविक स्ट्राइकिंग क्षमता की तारीफ की और उनकी जबरदस्त ताकत की तुलना कम उम्र में देखे गए कुछ बेहतरीन बल्लेबाजों से की। उन्होंने ताकत और तकनीकी बारीकियों के बीच एक फर्क बताया, और कहा कि इस युवा खिलाड़ी की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्वाभाविक क्षमता में है, न कि किसी तय कोचिंग में।

उन्होंने कहा, 'सचिन तेंदुलकर में मैंने जिस उम्र में जो ताकत देखी थी, वैभव सूर्यवंशी में उससे भी ज्यादा ताकत है। मैं ताकत की बात कर रहा हूं, तकनीक की नहीं। इस लड़के की बैट स्पीड, उसका स्विंग, उसका हाई बैक-लिफ्ट, ये सब अविश्वसनीय है। और कोई भी कोच यह नहीं सिखा सकता। यह आपको जन्म से ही मिलता है।' अब तक इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में राजस्थान रॉयल्स के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने छह मैचों में 236.53 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 246 रन बनाए हैं।

## टिम डेविड ने आईपीएल में बनाया रिकार्ड : सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज टिम डेविड ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी 63 रनों की अर्धशतकीय पारी के दौरान ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। ऑस्ट्रेलिया के टिम अब सबसे कम गेंदों में एक हजार आईपीएल रन पूरा करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। वहीं आईपीएल में सबसे कम गेंदों में एक हजार रन पूरा करने के मामले में वेस्ट इंडीज के आंद्रे रसल पहले नंबर पर हैं। रसल ने 545 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे जबकि टिम डेविड ने 560 गेंदों में अपने 1000 रन पूरे किये। वहीं ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं। हेड ने 575 गेंदों में एक हजार रन जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट ने 575 गेंदों में एक हजार बनाये हैं। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने 594 गेंदों में एक हजार बनाए थे। भारत के वीरेंद्र सहवाग ने 604 गेंदों में ये उपलब्धि हासिल की थी।

# संयुक्ता मेनन ने पूरी की 'द ब्लैक गोल्ड' की शूटिंग

### टीम के लिए लिखा इमोशनल नोट

**दक्षिण** भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय और प्रतिभाशाली अभिनेत्री संयुक्ता मेनन बेहतरीन परफॉर्मेंस से इंडस्ट्री में अपनी एक मजबूत पहचान रखती हैं। गुरुवार को अभिनेत्री ने एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द ब्लैक गोल्ड' की शूटिंग का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग के आखिरी शेड्यूल की तस्वीरें पोस्ट कीं। इसके साथ उन्होंने एक नोट शेयर कर पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। अभिनेत्री ने लिखा, 'सिनेमा कभी भी किसी एक व्यक्ति का सफर नहीं होता। बल्कि, यह कई विभागों में काम करने वाले अनगिनत लोगों के हाथों, दिलों और मेहनत का साथ होता है। सब एक ही लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। हमने जो कुछ भी यहां बनाया है, वह इसी टीम भावना का नतीजा है। मैं इस पूरी टीम के प्रति बहुत आभारी हूं। ' संयुक्ता ने फिल्म के निर्देशक योगी को खास तौर धन्यवाद दिया। अभिनेत्री ने लिखा, 'योगी सर, हर चीज के लिए आपका शुक्रिया। आपका भरोसा और मार्गदर्शन मेरे लिए शब्दों से परे है। उन्होंने मंचेरियल की कठिन परिस्थितियों का जिक्र करते हुए बताया कि शूटिंग के दौरान तेज धूप और गर्मी ने काफी परेशान किया। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। फिर भी पूरी टीम ने हिम्मत नहीं हारी। मंचेरियल ने हमारी हर तरह से परीक्षा ली। सूरज की तपिश बहुत तेज थी, लेकिन हमारी टीम उससे भी ज्यादा मजबूत निकली। गर्मी, थकान और हर मुश्किल के बावजूद सब डटे रहे। पूरी ताकत, जुनून और एक लक्ष्य के साथ काम किया। ऐसा हौसला बहुत कम देखने को मिलता है। इस टीम का हिस्सा बनकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। अभिनेत्री ने फिल्म के हर सदस्य को धन्यवाद देते हुए लिखा, 'आप सबने नामुमकिन को मुमकिन बना दिया, जिसके लिए सभी का दिल से शुक्रिया। आप मेरी ताकत हो। जब मैं ऐसी मुश्किल शूटिंग करती हूं, तो मेरा शरीर थकान, डिहाइड्रेशन और सनबर्न महसूस करता है, लेकिन आपकी देखभाल, आपका साथ और आपकी मौजूदगी मुझे हर बार आगे बढ़ने की हिम्मत देती है। '





# 'संस्कारों पर टिके रहना चाहिए'

सूरज बड़जात्या ने अपनी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि क्या 'धुरंधर' जैसी फिल्मों के बीच, इस तरह की पारिवारिक फिल्में सफल हो सकती हैं या नहीं... सूरज बड़जात्या ने बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैने प्यार किया' से की थी। इसके बाद उनकी दो और फिल्में 'हम आपके हैं कौन' और 'हम साथ-साथ हैं' भी ब्लॉकबस्टर रहीं। लेकिन साल 2003 में सूरज बड़जात्या की पहली फ्लॉप फिल्म 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' रिलीज हुई। इसमें पहली बार उनकी फिल्म में सलमान खान नहीं थे। हाल ही में सूरज बड़जात्या ने बताया कि पहली फ्लॉप के बाद क्यों उन्हें लगा कि वो कहीं खो गए हैं। साथ ही उन्होंने 'विवाह' बनाने के पीछे के कारण के बारे में भी बात की।





### हमारी असफलता हमें बहुत कुछ सिखाती है

स्क्रीन स्पॉटलाइट से बात करते हुए सूरज बड़जात्या ने 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म के फ्लॉप होने के बाद ऐसा लगा कि जैसे मैं कहीं खो गया हूं। लेकिन यही वजह है कि मैं प्रेम की दीवानी हूं मेरे दिल के बहुत करीब है। हम सब इंसान हैं। हम सब सीखते हैं। हमारी हर असफलता हमें बहुत कुछ सिखाती है।

## अपारशक्ति ने एक समोसे के लिए तय किया दिल्ली से आगरा का सफर

अभिनेता अक्षय कुमार की सख्त डाइट और फिटनेस से हर कोई वाकिफ है। हाल ही में अभिनेता ने अपने क्विज रियलिटी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' में बताया था कि उन्होंने पिछले 15 सालों से समोसा नहीं खाया है। दूसरी ओर अभिनेता अपारशक्ति खुराना समोसे की तलाश में आगरा जा पहुंचे। दरअसल, अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें अभिनेता ने बताया कि उन्होंने आगरा का समोसा खाने के लिए दिल्ली से आगरा तक का सफर तय किया। वीडियो में अपारशक्ति आगरा के मशहूर समोसे का लुत्फ उठाते हुए कहते हैं कि उनका आगरा आना सफल हो गया। इसके बाद उन्होंने उस दुकान की मशहूर छेने की मिठाई भी खाई। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'आगरा के पेठे के बाद अब आगरा के समोसे तेरे पीछे तो मैं पूरी तरह से फिदा हो गया हूं। ' अपारशक्ति का यह वीडियो सभी को काफी पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स से लेकर अपारशक्ति के दोस्तों ने कमेंट सेक्शन में जमकर प्रतिक्रिया दी। म्यूजिशियन रोचक कोहली ने लिखा, 'आपका कुर्ता अच्छा लग रहा है।' अभिनेत्री दिलजोत ने लिखा, 'हमें भी चाहिए आगरा के समोसे।' जबकि, अभिनेता की पत्नी आकृति अहूजा ने हार्ट इमोजी से प्रतिक्रिया दी। अभिनेता हाल ही में फिल्म 'जब खुली किताब' में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने आर.के. नेगी नाम के एक छोटे वकील का किरदार निभाया है। उनका किरदार एक इमोशनल और काम की तलाश में रहने वाले वकील का है, जो पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया के बुजुर्ग जोड़े के तलाक के मामले को संभालता है। यह फिल्म एक ऐसे वृद्ध जोड़े (गोपाल और अनुसूया) की कहानी है, जो पांच दशक साथ रहने के बाद तलाक लेने का फैसला करते हैं, जिससे उनका परिवार हैरान रह जाता है।

## 'कई ट्रायल के बाद फाइनल हुआ लैला का लुक', 'गली' सीरीज के लिए हंसिका मोटवानी ने की कड़ी मेहनत

फिल्म और वेब सीरीज की दुनिया में किसी किरदार को यादगार बनाने के लिए सिर्फ अच्छी एक्टिंग ही काफी नहीं होती, बल्कि उस किरदार का लुक, पहनावा और पूरा व्यक्तित्व भी उतना ही मायने रखता है। दर्शक तभी उस किरदार से जुड़ पाते हैं। इन्हीं सबको ध्यान में रखते हुए अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने भी अपनी आने वाली सीरीज 'गली' की तैयारी की है। उन्होंने अपने किरदार के लिए किए गए ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर खुलकर बात की। हंसिका मोटवानी जल्द ही प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली इस सीरीज में 'लैला' नाम का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस किरदार को खास बनाने के लिए हंसिका ने काफी मेहनत की। उन्होंने कहा, ''लैला का लुक तैयार करने में काफी मेहनत लगी। यह एक बार में तय नहीं हुआ, बल्कि इसके लिए कई बार ट्रायल किए गए। इस किरदार में कई अलग-अलग पहलू हैं, इसलिए उसका लुक भी उसी हिसाब से तैयार करना जरूरी था। लगभग 3 से 4 बार अलग-अलग टेस्ट करने के बाद फाइनल लुक तय किया गया।''


हंसिका ने कहा, ''लैला का स्वभाव और उसकी पर्सनैलिटी उसके लुक को तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। इस किरदार में एक खास नजाकत और तहजीब है, जिसे उसके कपड़ों और स्टाइल के जरिए दिखाना जरूरी था, इसलिए उसके पहनावे को काफी सोच-समझकर डिजाइन किया गया, ताकि वह किरदार के हर पहलू को सही तरीके से दर्शा सके। मेरा मानना है कि किसी भी किरदार की पहचान सिर्फ उसके डायलॉग से नहीं, बल्कि उसके पूरे लुक से बनती है।'' उन्होंने आगे कहा, ''इस पूरे प्रोसेस में टीमवर्क बहुत जरूरी था। मैंने और सीरीज के डायरेक्टर ने मिलकर इस लुक पर काम किया। दोनों के पास अपने-अपने विचार थे। मैंने भी अपने सुझाव दिए और डायरेक्टर ने भी अपनी सोच साझा की, जिन्हें मिलाकर एक ऐसा लुक तैयार किया गया, जो किरदार के साथ पूरी तरह फिट बैठता है।

### 'लोग बुलाते हैं, पर बोलने को मना करते हैं'; फैंस ने की ये अपील

# रणवीर शौरी ने पॉडकास्ट कल्चर पर कसा तंज

**रणवीर** शौरी ने पॉडकास्ट कल्चर को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उनके इस खुलासे ने एक नई बहस को जन्म दिया है। रणवीर शौरी हाल ही में रजत कपूर की फिल्म 'एवरीबॉडी लव्स सोहराब हांडा' में नजर आए हैं। इसमें उनके साथ विनय पाठक भी प्रमुख भूमिका में दिखाई दिए हैं। फिल्म को क्रिटिक्स से अच्छी प्रतिक्रिया हासिल हुई है। इस बीच रणवीर शौरी ने पॉडकास्ट को लेकर एक पोस्ट किया, जिसके बाद पॉडकास्ट कल्चर को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है।

पॉडकास्ट को लेकर वायरल हुई रणवीर



शौरी की पोस्ट

अपनी बात बेबाकी से कहने के लिए मशहूर शौरी ने अपने प्रमोशन के दौरान का एक अनोखा अनुभव साझा किया। उन्होंने पॉडकास्ट को लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कुछ लोग मुझसे उम्मीद करते हैं कि मैं किसी नई फिल्म के प्रमोशन के लिए पॉडकास्ट पर आऊं और ज्यादा बात न करूं। इस दुनिया को खुश करना नामुमकिन है।' व्यंग्य से भरी रणवीर की यह टिप्पणी तुरंत वायरल हो गई। इस पर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। वहीं पॉडकास्ट कल्चर को लेकर भी एक बहस शुरू हो गई।



## 'जाने अनजाने हम मिले' में गौरी अग्रवाल का नेगेटिव किरदार, बोलीं- ये चुनौतीपूर्ण रहा

**टीवी** शो 'जाने अनजाने हम मिले' में कीर्ति का किरदार निभा रही अभिनेत्री गौरी अग्रवाल ने अपने रोल में आए बड़े बदलाव को काफी चुनौतीपूर्ण बताया। शुरुआत में पॉजिटिव और प्यारी लड़की के रूप में दिखाई गई कीर्ति अब पूरी तरह नेगेटिव किरदार में बदल चुकी है। इस बदलाव ने गौरी को अभिनय के नए आयाम सिखाए हैं। गौरी अग्रवाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि किरदार में यह बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन उनके लिए फिजिकली और इमोशनली दोनों तरह से बहुत डिमांडिंग रहा है। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में कीर्ति बहुत पॉजिटिव थी, लेकिन धीरे-धीरे उसका किरदार ग्रे शेड्स में बदलता गया और अब वह पूरी तरह नेगेटिव हो चुकी है। मुझे लगातार खुद को याद दिलाना पड़ता है कि जो कुछ कीर्ति कर रही है, वह उसके किरदार की सोच के अनुसार है, भले ही व्यक्तिगत रूप से मुझे उन कामों को सही ठहराना बहुत मुश्किल लगे। गौरी ने कुछ मुश्किल सीन्स का जिक्र करते हुए बताया, 'कुछ सीन ऐसे थे जहां मेरी अपनी नैतिकता मुझे रोक रही थी।

उन सीन्स को पूरी शिद्दत से करना मेरे लिए भावनात्मक रूप से बहुत कठिन था। एक अभिनेत्री के रूप में मुझे समझना था कि मैं सिर्फ अपने किरदार के सफर को आगे बढ़ा रही हूं। ऐसे सीन इमोशनली और फिजिकली दोनों तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहे, क्योंकि मुझे यह सुनिश्चित करना होता था कि सीन असली लगें, लेकिन किसी भी हद को पार न करें। '

### एली अवराम ने आमिर और शाहरुख को लेकर कही ये बात

# 'बड़े स्टार्स के बारे में गलत है नए एक्टर्स की सोच'

एली अवराम ने फिल्मों में काम करने के अलावा कई आइटम नंबर भी किए हैं, जिनसे उन्हें सुर्खियां मिली हैं। एली पिछले लंबे वक्त से इंडस्ट्री में एक्टिव हैं और इस दौरान उन्हें कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ भी काम करने का मौका मिला है। हाल ही में एली अवराम ने स्टार्स के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने आमिर खान को लेकर अपनी राय भी रखी और बताया कि उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

अपने काम को लेकर पेशेवर होते हैं स्टार्स

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान एली अवराम ने बड़े स्टार्स के बारे में अपनी राय साझा की। एक्ट्रेस ने बड़े स्टार्स को लेकर कहा कि उनसे मैंने एक बात सीखी है कि वे अपने काम का बहुत सम्मान करते हैं। उनमें बहुत अनुशासन है और वे बेहद विनम्र हैं। यह देखना बहुत अच्छा लगता है कि वे अपने काम के प्रति कितने पेशेवर और समर्पित हैं और फिर भी आगे बढ़ना और बेहतर करना चाहते हैं।

बड़े सितारों के साथ काम करते हुए मैंने जो सबसे अच्छी बात देखी है, वह यह है कि मुझे कभी-कभी लगता है कि नए कलाकारों की इन स्टार्स के व्यवहार के बारे में जो सोच है, वह पूरी तरह गलत है। बड़े स्टार्स बहुत पेशेवर होते हैं, अपने साथ काम करने वालों के प्रति दयालु होते हैं, और वे नखरे नहीं दिखाते या अपनी धौंस नहीं जमाते।

2021 में आई फिल्म 'कोई जाने ना' के गाने 'हर फन मौला' में आमिर खान के साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी एली ने बात की। उन्होंने कहा कि आमिर खान एक परफेक्शनिस्ट होने के साथ-साथ बेहद विनम्र भी हैं। वह सबसे बात करते हैं, सबका सम्मान करते हैं। वह आपकी राय की परवाह करते हैं और उस पर विचार भी करते हैं, उसे पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं करते।

### शाहरुख खान की बड़ी फैन हूं

एली अवराम ने सलमान खान और आमिर खान के साथ काम किया है, लेकिन उन्हें अभी तक शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला है। हालांकि, शाहरुख से उनकी मुलाकात हो चुकी है। शाहरुख से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए एली ने कहा कि मैं शाहरुख खान से पहली बार 2013 में एक रियलिटी शो के सेट पर मिली थी। वह वहां जज थे और मैं 'मिक्की वायरस' के प्रमोशन के लिए गई थी।

उन्होंने पोस्टर में मेरे लुक की तारीफ की। यह मेरे लिए एक यादगार पल था, क्योंकि मैं शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन हूं। उनके साथ काम करना मेरे लिए मानो आखिरी मौका है। 'देवदास' पहली पूरी बॉलीवुड फिल्म थी, जो मैंने देखी। मुझे वह फिल्म इतनी पसंद आई कि मैं रो पड़ी, मेरे दोस्त शाहरुख खान के दीवाने हो गए थे। जिस दिन मैं उनके साथ काम करूंगी, स्वीडन में मेरे दोस्तों के लिए वह बहुत बड़ी बात होगी।



# भीर्र में उमड़ा जनसैलाब, नोबल प्रतिभा सम्मान समारोह में आदित्यी मान को मिली स्कूटी

## शिक्षा की रात्रि चौपाल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, साइकिल व नोबल वॉच देकर बढ़ाया हौसला

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

नोबल प्रतिभा सम्मान यात्रा के दूसरे पड़ाव के तहत भीर्र गांव के खेल मैदान में आयोजित शिक्षा की रात्रि चौपाल में ग्रामीण प्रतिभाओं के सम्मान का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भारी जनसैलाब उमड़ा और पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।समारोह में भीर्र गांव की होनहार छात्रा आदित्यी मान (पुत्री अक्षय कुमार मान) को दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने पर स्कूटी भेंटकर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियों से स्वागत किया। इस अवसर पर 92 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों–दीपांशी (पुत्री सुनील कुमार, भीर्र), पियूष (पुत्र दिलीप कुमार, पचेरी पड़ी), गरिमा (पुत्री बजरंग सिंह, ढ़ांणा) तथा लक्ष्य कुमार (पुत्र विकास कुमार, पचेरी)–को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दीपांशु (पुत्र रजनीश कुमार, भीर्र), शिखा (पुत्री कृष्ण कुमार, लाम्बी), अभी (पुत्र बजरंग सिंह, ढ़ांणा), पुनीत (पुत्र यादराम, खांदवा) तथा आदित्य (पुत्र प्रदीप कुमार, खांदवा) सहित कुल पांच विद्यार्थियों को 'नोबल वॉच' देकर सम्मानित किया गया।



भीर्र गांव की बेटी आदिती मान को बोर्ड परीक्षा में 98' अंक प्राप्त करने बाबत स्कूटी भेंट करते हुए मंचाचीन अतिथि व अभिभावक

नोबल शिक्षण समूह के निदेशक इंजीनियर संदीप नेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 25 वर्षों से वे ग्रामीण प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें उचित मंच देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से गांवों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाकर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है, ताकि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए एक सफल नागरिक बन सकें। उन्होंने एक प्रेरणादायक उदाहरण साझा करते हुए बताया कि 13 वर्ष पूर्व झारोड़ा गांव में आयोजित ऐसे ही कार्यक्रम में एक छात्रा रोनक ने प्रशासनिक अधिकारी बनने का संकल्प लिया था और हाल ही में राजस्थान प्रशासनिक सेवा (इ्रस) परीक्षा में 55वीं रैंक प्राप्त कर अपने लक्ष्य को हासिल किया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक रविंद्र यादव, राजपाल, सुमेर सिंह मान एवं हिमांशु शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह में संस्थान की संरक्षक संतोष नेहरा, नोबल साइंस एकेडमी पचेरी बड़ी के निदेशक मानसिंह चौधरी, स्कूल प्रिंसिपल कृष्ण कुमार यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक छोटूराम मान, सहीराम तूंदवाल एवं एकेडमिक डायरेक्टर सुमन नेहरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। इस दौरान सम्मानित विद्यार्थियों ने अपने गांव की चौपाल पर सम्मान पाकर गर्व व्यक्त किया और भविष्य में अपने सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट हरेश पंवार एवं विक्रम सिंह यादव सहड़ ने संयुक्त रूप से किया।नोबल प्रतिभा सम्मान यात्रा के इस पड़ाव में उमड़ी भारी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और प्रतिभाओं के सम्मान को लेकर समाज में गहरी जागरूकता और उत्साह है।



भीर्र गांव के खेल मैदान में नोबल प्रतिभा सम्मान समारोह यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

## गांव मानका में श्रद्धा-उल्लास से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती, वक्ताओं ने दिया धर्म और ज्ञान का संदेश



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** गांव मानका में रविवार को भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और भगवान परशुराम से शक्ति और विवेक की प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शुभम कौशिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम शिव के अंश, धर्म के रक्षक तथा ज्ञान और वीरता के प्रतीक हैं। 'धर्म की रक्षा के लिए समर्पित, यही है परशुराम। जय श्री परशुराम!' के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर वैद्य सत्य प्रकाश, सोमदत्त शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, दिनेश मास्टर, विजय कुमार, उप सरपंच वीरेंद्र शर्मा, समाजसेवी राजेश शर्मा, समाजसेवी प्रदीप शास्त्री, लक्ष्मी नारायण शर्मा, तेजपाल शर्मा, अमरजीत शर्मा, अनिल शर्मा, रोहित शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, सरपंच देसाई मेहर सिंह, सरपंच सत्यनारायण गुरुजी, रमेश भारद्वाज, रामकिशोर शर्मा, SHO लक्ष्मीकांत मीणा, समाजसेवी काशीराम चौधरी, रामसिंहपुरा प्रिंस शर्मा, महेंद्र शर्मा, रिंकू यादव, राज यादव और होशियार स्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, धर्म की रक्षा करने और ज्ञान-वीरता को अपनाने की प्रेरणा देता है। सभी ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## धार्मिक बुकिंग स्कैम को लेकर फतेहाबाद पुलिस अलर्ट: श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने आमजन को 'धार्मिक बुकिंग स्कैम' को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि साइबर ठग लोगों की धार्मिक आस्था का फायदा उठाकर उन्हें आर्थिक रूप से ठग रहे हैं, इसलिए जागरूक रहना बेहद जरूरी है।एसपी ने बताया कि ठग प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे अयोध्या, खाटू श्याम मंदिर और केदारनाथ मंदिर के नाम से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया पेज बनाकर लोगों को जाल में फंसाते हैं। इन प्लेटफॉर्म्स पर वीआईपी दर्शन, विशेष पूजा, सस्ते होटल और हेलीकॉप्टर बुकिंग जैसे आकर्षक ऑफर देकर श्रद्धालुओं को लुभाया जाता है। ठग 'सीमित स्लॉट' या 'आज आखिरी मौका' जैसे संदेश देकर लोगों पर तुरंत भुगतान करने का दबाव बनाते हैं और फिर आधिकारिक माध्यमों के बजाय निजी यूपीआई आईडी या बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं।पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल की बुकिंग केवल आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही करें और गूगल पर दिखने वाले विज्ञापनों या संदिग्ध लिंक पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। वेबसाइट के यूआरएल की जांच अवश्य करें और किसी भी स्थिति में व्यक्तिगत खातों में भुगतान न करें। साथ ही, किसी ट्रेवल एजेंट या पोर्टल से बुकिंग से पहले उसके रिव्यू और फीडबैक जरूर देखें। एसपी निकिता खट्टर ने अपील करते हुए कहा, 'सतर्क रहें, जागरूक रहें और अपनी आस्था को ठगी का हथियार न बनने दें।' उन्होंने आमजन से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की भी अपील की है, ताकि ऐसे साइबर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा सकें।



## बुहाना में यदुवंशी विद्या विहार विद्यालय का शानदार प्रदर्शन, 10वीं बोर्ड में क्षेत्र का नाम रोशन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

राजस्थान बोर्ड 10वीं परीक्षा परिणाम में यदुवंशी विद्या विहार विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इतना प्रभावशाली रहा कि उसने प्रदेश स्तर पर टॉप 10 में भी स्थान बनाया। इस उपलब्धि से बुहाना, सिंघाना और सूरजगढ़ ब्लॉक में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के मेधावी छात्र आयुष शेखावत पुत्र प्रमित्र शेखावत, निवासी बलौदा गांव ने 98.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बुहाना, सिंघाना और सूरजगढ़ तीनों ब्लॉकों में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा दिव्या यादव पुत्री नरेंद्र यादव, निवासी सांतौर गांव ने 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा और अधिकांश विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त किए, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर भी स्पष्ट होता है। शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन, समय-समय पर टेस्ट और व्यक्तिगत ध्यान देने से यह सफलता संभव हो पाई।

## राजस्थान में हीटवेव, सड़कों पर पानी का छिड़काव




**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राजस्थान में सूरज के तेवर तीखे हो गए हैं। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। रविवार को चूरू, चित्तौड़गढ़ और कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री या इससे ऊपर दर्ज किया गया। वहीं 10 से ज्यादा शहरों में पारा 40 से 41 डिग्री के बीच रहा। कोटा में तपती सड़कों को ठंडा करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाया। उधर, मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने सोमवार (आज) को जयपुर समेत 6 जिलों के लिए हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ बेल्ट में भी अगले कुछ दिनों तक भीषण लू चलने की चेतावनी दी गई है। रविवार को उत्तरी राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में दोपहर तक बादल छाए रहे, लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिली।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो बीकानेर संभाग के एरिया को छोड़कर शेष राज्य में आसमान साफ रहा और दिनभर तेज धूप रही। झुंझुनूं, भरतपुर, अलवर और धौलपुर में रविवार को दिनभर लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल किया। देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता रहेगा और विद्यार्थियों को उच्च स्तर पर सफलता दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# नोबल प्रतिभा सम्मान यात्रा देवलावास से शुरू, बुहाना में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

## गांव-गांव पहुंचकर चौपाल पर हो रहा प्रतिभाओं का अभिनंदन, साइकिल व घड़ी देकर बढ़ाया उत्साह

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.बुहाना।**

ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नोबल शिक्षण संस्थान, देवलावास द्वारा निकाली जा रही 'नोबल प्रतिभा सम्मान यात्रा' का शुभारंभ रविवार को किया गया। यात्रा की शुरुआत संस्थान की संरक्षक संतोष नेहरा ने हरित झंडी दिखाकर की। यह यात्रा विभिन्न गांवों से गुजरते हुए विद्यार्थियों का गांव की चौपाल पर अभिनंदन कर रही है।निदेशक इंजीनियर संदीप नेहरा के मार्गदर्शन में संचालित इस शिक्षा जागृति अभियान के तहत यात्रा जब बुहाना उपखंड मुख्यालय नोबल कॉलेज प्रांगण में पहुंची, तो मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश रांगेय के आतिथ्य में भव्य स्वागत एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बुहाना में आयोजित समारोह में 92 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मोहना क्षेत्र के 6 विद्यार्थियों को साइकिल तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 2 विद्यार्थियों को घड़ी प्रदान कर सम्मानित किया गया। साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में प्रतीक्षा मान (पुत्री प्रकाश मान), गगन सिंह (पुत्र अनिल सिंह), अंतिम (पुत्री धर्मवीर कुमार), दक्षराज मान (पुत्र देशराज मान), आलोक शर्मा (पुत्र अनिल शर्मा, निवासी कलाखरी) तथा आदित्य जोशी (पुत्र अनिल कुमार, निवासी सिंघाना) शामिल रहे। वहीं युवराज (पुत्र सुरेंद्र कुमार) और रिया शर्मा (पुत्री मनदीप शर्मा) को घड़ी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी शिक्षक कुलदीप शर्मा, विजेंद्र यादव, संदीप शर्मा एवं नवीन मान ने संभाली, जबकि संचालन विक्रम सिंह यादव सहड़ एवं संतोष कुमार पथाना द्वारा किया गया।



बुहाना सीडीओ वेदप्रकाश रांगेय शिक्षा यात्रा का सम्मान यात्रा ने संयोजक इंजीनियर संदीप नेहरा का अभिनंदन करते हुए



बुहाना में नोबल प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए अतिथिगण

समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद सहीराम तूंदवाल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश रांगेय उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शिक्षा जागृति यात्रा के संयोजक एवं संस्थान के निदेशक इंजीनियर संदीप नेहरा, कारगिल शहीद राजकुमार स्मृति न्यास के अध्यक्ष प्रताप सिंह यादव, सूबेदार शेर सिंह मान, भंवर सिंह नंबरदार, देशराज मान, संतोष शर्मा, विजय जोशी, कृष्ण सिंह, रामानंद शर्मा, अनिल नाड़ियां, नोबल कॉलेज के प्रिंसिपल कुलदीप काजल, नोबल स्कूल देवलावास के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार यादव तथा नोबल साइंस अकादमी के चेयरमैन मानसिंह चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे।कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की पहल से ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचान मिलती है और अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। यह यात्रा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रही है।

## पहलगाम में सुरक्षा का नया तरीका, अब क्यू आर कोड बताएगा कौन है आपको घुमाने वाला

जम्मू (एजेंसी) । पिछले वर्ष अप्रैल में पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए तकनीक का सहारा लिया है। सुरक्षा को चाक–चौबंद करने के उद्देश्य से अब पारंपरिक पहचान पत्रों के स्थान पर क्यूआर कोड आधारित प्रणाली लागू की जा रही है । इस नई व्यवस्था के तहत पहाड़ी इलाकों में कार्यरत टैक्सी ड्राइवरों, पोनी हैंडलरों (खच्चर चलाने वाले), गाइडों और घुमंतू समुदाय के लोगों को विशिष्ट क्यूआर कोड जारी किए जा रहे हैं । यह क्यूआर कोड एक आईकार्ड की तरह गले में लटकाना अनिवार्य होगा । सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसे मोबाइल या गूगल लेंस के जरिए स्कैन करते ही संबंधित व्यक्ति की पूरी जानकारी तुरंत उपलब्ध हो जाएगी । स्कैन करने पर व्यक्ति का नाम, पता, संपर्क नंबर, पहचान पत्र संख्या, पिन कोड और उसका पेशा स्पष्ट रूप से दिखाई देगा । यह तकनीक न केवल सुरक्षाबलों के लिए मददगार है, बल्कि यहां आने वाले पर्यटक भी अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे स्कैन कर सकते हैं ।

# भारत और चीन में बढ़ रही नजदीकियां: एससीओ की बैठक हुई, अब जिनपिंग कर सकते हैं दौरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के बीच पिछले कुछ समय से सुधरते कूटनीतिक रिश्तों की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित हुआ है। दोनों देशों ने 16-17 अप्रैल को अपनी पहली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की। साल 2024 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के सफलतापूर्वक सुलझने के बाद, इस उच्च स्तरीय बैठक को द्विपक्षीय सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है।

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, इस वार्ता के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने एससीओ नेताओं द्वारा लिए गए निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन और संगठन की भविष्य की रूपरेखा पर गहन चर्चा की। भारत और चीन ने एससीओ से जुड़े विभिन्न वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर आपसी विचार-विमर्श जारी रखने और सहयोग को अधिक सुदृढ़ करने पर अपनी सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने संयुक्त रूप से विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की, जिसमें सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी और जन-संपर्क जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एससीओ ढांचे के भीतर सहयोग की व्यापक समीक्षा की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि सीमा विवाद सुलझने के बाद से दोनों देश ब्रिक्स और एससीओ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रियता से साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बीजिंग ने भारत की मौजूदा ब्रिक्स अध्यक्षता के प्रति अपना पूर्ण समर्थन जताया है। इसी कड़ी में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के मई के मध्य में भारत आने की संभावना है, जबकि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सितंबर में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत दौरे की उम्मीद जताई जा रही है। ये दौरे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक बर्फ पिघलने का स्पष्ट संकेत देते हैं। एससीओ के प्रति भारत का रुख सदैव स्पष्ट और सैद्धांतिक रहा है। भारत इस यूरेशियन समूह में अपनी सदस्यता को अत्यंत महत्व देता है और उसका मानना है कि इस संगठन का मूल उद्देश्य क्षेत्र में आतंकवाद, कट्टरपंथ और उग्रवाद का डटकर मुकाबला करना होना चाहिए। साथ ही, भारत क्षेत्रीय कनेक्टिविटी (संपर्क) को बढ़ावा देने का पक्षधर है, लेकिन उसकी यह स्पष्ट शर्त है कि ऐसी कोई भी पहल सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले शिखर सम्मेलनों में यह कड़ा संदेश दिया था कि संप्रभुता को दरकिनार कर शुरू की गई कोई भी कनेक्टिविटी पहल अपना भरोसा और सार्थकता खो देती है। फिलहाल, यह द्विपक्षीय वार्ता एशिया की इन दो बड़ी शक्तियों के बीच विश्वास बहाली की प्रक्रिया को नई गति प्रदान कर रही है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com